62
साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता।

देसी अंदाज
नया मिजाज

1963 से लगातार आपकी सेवा में

# रांची एक्सप्रेस

मूल्य 4 रु

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-62 | अंक-119 रांची | सोमवार 16 दिसंबर 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12



# भारत को जल्द मिलने वाली है नक्सलवाद से मुक्ति

## गृहमंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान,तारीख भी बताई



**रायपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इस बात को फिर से दोहराया कि 31 मार्च 2026 तक भारत नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। एक निजी कार्यक्रम में बोलते हुए शाह ने कहा कि नक्सलवाद ने देश के कई हिस्सों में विकास को सालों तक अवरुद्ध किया है। गृह मंत्री ने सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए कहा कि बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्य अब इस प्रभाव से मुक्त हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में केवल दो जिले ही नक्सल प्रभावित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की हालिया चुनावी जीत नक्सल विरोधी प्रयासों को और मजबूत करेगी। अमित शाह छत्तीसगढ़ के एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक कैम्प का दौरा करने वाले हैं जहां वह रात बिताएंगे। जब उनसे इस दौरे की महत्वता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा,यह पहली बार नहीं है जब मैं ऐसे कैम्पों का दौरा कर रहा हूं। अब भाजपा के सरकार बनाने के बाद हमारे समन्वय में सुधार हुआ है। उन्होंने नक्सलवाद के खिलाफ प्रगति का श्रेय इन प्रयासों को दिया और कहा एक साल के भीतर 900 से अधिक लोग गिरफ्तार किए गए हैं। 600 से ज्यादा ने आत्मसमर्पण किया है। 300 से ज्यादा मुठभेड़ों में मारे गए हैं। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने के अवसर पर अमित शाह ने दावा किया कि नक्सल गतिविधियों में लगभग 70 प्रतिशत की कमी आ चुकी है। उन्होंने भाजपा के दृष्टिकोण की तुलना कांग्रेस सरकार से करते हुए कहा,हमारे लिए वोटबैंक की राजनीति उतनी महत्वपूर्ण नहीं है जितनी राष्ट्रीय सुरक्षा और आदिवासी समुदायों का विकास।

## भारत में बैठकर लोगों को गायब करवा रहीं शेख हसीना

- यूनुस सरकार के जांच आयोग ने लगाए आरोप,3500 मामले आए सामने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार द्वार गठित जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जांच आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उसे लोगों को कथित रूप से गायब किए जाने की घटनाओं में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की संलिप्तता का पता चला है। लोगों के लापता होने की घटनाओं की जांच के लिए गठित आयोग ने अनुमान लगाया है कि ऐसे मामलों की



संख्या 3500 से ज्यादा है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के मुख्य सलाहकार के कार्यालय की प्रेस शाका ने शनिवार रात एक बयान में कहा कि आयोग को इस बात के साथ मिले हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्देश पर लोगों को गायब किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अपदस्थ प्रधानमंत्री के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक और बर्खास्त मेजर जनरल जियाउल अहसन, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोनिरुल इस्लाम एवं मोहम्मद हारुन ओर रशीद और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इन घटनाओं में शामिल पाए गए।

## अगले 'परिसीमन' पर टकराव के बन रहे आसार

- दक्षिण के राज्य सबसे ज्यादा नाराज, होगा बड़ा नुकसान

**अमरावती (एजेंसी)।** बीजेपी के सहयोगी दल टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्ण देवरायल ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा कि अगले परिसीमन से दक्षिण के राज्यों को नुकसान होने वाला है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का लाभ उत्तर भारत को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया होती है तो यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रदेशों में लोकसभा सीटों की संख्या 169 से बढ़कर 324 हो जाएंगी। वहीं आंध्र प्रदेश,



तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में केवल 129 से 164 सीटें हो पाएंगी। उन्होंने कहा कि एक संघ के हित के लिए यह सही नहीं है। जिन राज्यों में जनसंख्या कम हुई है उन्हें भी परिसीमन का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पास हुए विधेयकों की मंजूरी की भी सीमा नहीं तय करनी चाहिए। दरअसल अगलो लोकसभा चुनाव 2029 में होना है और इसे बढ़ी हुई सीटों के साथ कराने का प्लान तैयार किया जा रहा है। परिसीमन कानून के मुताबिक 2026 तक लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ाई जा सकतीं।

## केजरीवाल नई दिल्ली आतिशी कालकाजी से लड़ेंगी चुनाव

- सभी 70 सीटों पर एएपी कैंडीडेट घोषित, 26 विधायकों के टिकट काटे 4 की सीट बदली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की चौथी और आखिरी लिस्ट आ गई है। इसमें 38 नाम हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे। सीएम आतिशी को कालकाजी से उम्मीदवार बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज ग्रेटर कैलाश, सत्येंद्र जैन शकूर बस्ती से चुनाव लड़ेंगे। एएपी ने 21 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच यानी 25 दिनों में कुल 4 लिस्ट में 70 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। इस बार 26 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे गए हैं। 4 विधायकों की सीट बदली गई है। इनमें मनीष सिसोदिया की सीट पटपड़गंज से जंगपुरा, राखी बिडलान की मंगोलपुरी से मादीपुर, प्रवीण कुमार की जंगपुरा से जनकपुरी और दुर्गेश पाठक की करावल नगर से राजेंद्रनगर सीट बदली गई है।

# रिकार्ड तोड़ रही ठंड डरा रहीं बर्फीली हवाएं

## यूपी-एमपी और राजस्थान के बुरे हाल, बर्तनों में जम रहा पानी

- दिल्ली-पंजाब में और गिरेगा पारा, दक्षिणी राज्यों बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहाड़ों में बर्फबारी की वजह से उत्तर भारत में शीतलहर अपने तेवर दिखा रही है। बड़े इलाके में अभी कोहरे की मार ना पड़ने के बावजूद ठंड में कोई कमी नहीं है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों मे न्यूनतम तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं राजधानी दिल्ली का न्यूनतम तापमान भी शनिवार को 4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग का कहना है कि अभी शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। वहीं पहाड़ों में बर्फबारी में इजाफा होगा जिससे पारा और लुढ़क सकता है। इसके अलावा दक्षिण के राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में रविवार को भी शीतलहर जारी रहेगी। फरीदकोट में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक शनिवार को पंजाब में फरीदकोट सबसे ठंडा स्थान रहा। आंकड़ों के अनुसार, पंजाब के पठानकोट में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि गुरदासपुर में 2.8 डिग्री और बठिंडा में 3.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके मुताबिक, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस, लुधियाना में 7.8 डिग्री सेल्सियस और पटियाला में 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और अंडमान निकोबार के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।





## मुख्य सचिव ने नीति आयोग के सम्मेलन में साझा किए प्रदेश और देश के विकास से जुड़े तथ्य



**रांची (हि.स.)।** देश की राजधानी दिल्ली में नीति आयोग के तीन दिवसीय सम्मेलन का रविवार को समापन हुआ। झारखंड सरकार की तरफ से इस सम्मेलन की अध्यक्षता मुख्य सचिव अलका तिवारी ने की। इस सम्मेलन में विकास के लिए आत्मनिर्भर होने की प्रक्रिया में कृषि रोजगार, शहरी विकास, नवीनीकरण ऊर्जा, उन्नतशील अर्थव्यवस्था आदि पर विचार-विमर्श किया गया।

सम्मेलन का विषय जनसांख्यिकी लाभांश का लाभ उठाना और विकास के नए आयामों के मार्ग प्रशस्त करना था। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने प्रदेश के विकास के लिए कई बिंदु रेखांकित किए। साथ ही सम्मेलन में प्रमुखता के बिंदु दलहन पर प्रदेश की सहभागिता पर विशेष जोर दिया। यह आयोजन केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साझेदारी को सशक्त बनाने के साथ देश में सहकारी संवाद स्थापित करने की अहम कड़ी है।

इस अवसर पर प्रधान सचिव योजना मस्त राम मीणा, सचिव ग्रामीण विकास के श्रीनिवासन एवं सचिव उद्योग विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह आदि विशेष पदाधिकारी मौजूद रहे।

## अनशन तोड़ने को तैयार नहीं किसान नेता डल्लेवाल

- हालत हुई गंभीर,केन्द्रीय अफसर मिलने पहुंचे,सरकार भी ऐक्टिव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने शनिवार को दिल्ली कूच करने की कोशिश की। प्रशासन की सख्ती की वजह से किसान आगे नहीं बढ़ पाए। पुलिस ने किसानों पर आंसू गैस और वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया।। किसानों का कहना है कि अब वे 16 दिसंबर को ट्रैक्टर मार्च करेंगे। वहीं खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 20वें दिन भी आमरण अनशन कर रहे हैं। पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने कहा, हम यही आश्वासन देने की कोशिश कर रहे हैं कि किसानों की सरकार से बातचीत का रास्ता खुलेगा और उनकी मांगें भी पूरी होंगी।

## मुख्यमंत्री ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा के निधन पर जताया शोक

**संवाददाता रांची ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिहार सरकार में पूर्व मंत्री और मधुपुर से पूर्व विधायक, शिक्षाविद कृष्णानंद झा निधन पर शोक जताया है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को ट्वीट कर कहा है कि कृष्णानंद झा के निधन की दुःखद खबर मिली। वह सौम्य व्यथ्क्तित्व के धनी थे। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।

## हम बहुसंख्यक बनेंगे,न्याय के लिए मोमबत्ती नहीं जलानी पड़ेगी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के मंत्री फिरहाद हकीम के एक बयान पर विवाद हो गया है। एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फिरहाद ने कहा कि आज मुस्लिम भले ही अल्पसंख्यक हों, लेकिन समय आएगा जब हम भी बहुसंख्यक होंगे। हमें न्याय के लिए मोमबत्ती नहीं जलानी पड़ेगी। फिरहाद के इस बयान पर भाजपा ने आपत्ति जताई है। भाजपा के आईटी सेल प्रभारी अमित मालवीय ने हकीम के बयान की आलोचना की। मालवीय ने कहा- हकीम का यह बयान शरिया कानून के समर्थन की तरफ इशारा कर रहा है।

# लैंड डिजिटलाइजेशन झारखंड के लिए सही नहीं : कृषि मंत्री

**संवाददाता**

**पलामू ।** राज्य की कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रविवार को पलामू पहुंची । वहां जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और उन्हें छोटे किसानों को ध्यान में रखकर योजनाओं के क्रियान्वयन का निर्देश दिया। अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन फील्ड में जाकर योजनाओं का निरीक्षण करने का आदेश दिया।



कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों का भ्रमण कर मंत्री विभागीय कार्य की स्थिति का जायजा लेंगे। किसान हित में जो कार्रवाई नहीं करेंगे उनपर कार्रवाई होगी। लैंप्स और पैक्स के भौतिक निरीक्षण का आदेश दिया। यदि वह गड़बड़ी करते हैं तो उसे रद्द कर नया अध्यक्ष चुनें। मंत्री ने कहा कि सरकार जरिये विभिन्न फसलों के लिए दिए जा रहे बीज किसानों तक पहुंचे इसकी मॉनिटरिंग होगी। ब्लॉक चेन मैकेनिज्म डेवलप कर सही किसानों को इसका लाभ दिया जाएगा।

मंत्री ने कहा कि मछली उत्पादन को बढ़ाना है। इसमें काफी संभावनाएं हैं। नील गाय की समस्या को दूर करने पर भी विभागीय स्तर पर काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि किसानों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ मिले इसलिए जमीन का ऑफ लाइन रसीद काटने का व्यवस्था होना चाहिए। लैंड डिजिटलाइजेशन झारखंड के लिए सही नहीं है। इसके कारण किसान जमीन को ऑनलाइन कराने के लिए परेशान हैं। जमीन ऑनलाइन हो नहीं पा रहा है। इससे किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। केंद्र की इस योजना के वह खिलाफ हैं। लैंड रिकॉर्ड डिजिटलाइजेशन के लिए खतियान यहां नहीं है। इस कारण जमीन की रसीद नहीं कट पा रही है, जिससे कृषि संबंधित योजनाओं से लोग वंचित हो रहे हैं। मौके पर मनिका के विधायक रामचंद्र सिंह सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

# 2034 तक नहीं हो पाएंगे एक साथ चुनाव !

## 'वन नेशन, वन इलेक्शन' बिल के बाद भी हैं कई पड़ाव बाकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देशभर में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ करवाने की ओर मोदी सरकार तेजी से कदम बढ़ा रही है। कैबिनेट से मंजूरी के बाद विधेयक को संसद के शीत सत्र के दौरान ही लोकसभा में पेश कर दिया जाएगा। बता दें कि एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई थी। 14 मार्च को समिति ने अपनी रीपोर्ट सौंप दी थी। एकसाथ चुनाव कराने के लिए प्रस्तावित विधेयक में संकेत यही मिलता है कि यह प्रक्रिया 2034 से लागू की जाएगी। विधेयक की कॉपी की बात करें तो अगर किसी लोकसभा या विधानसभा में समय से पहले चुनाव करना है तो संसद या फिर विधानसभा को भंग करना पड़ेगा। विधेयक में आर्टिकल 82 (ए) को शामिल करने का प्रस्ताव है जिसके तहत सभी विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव साथ में कराए जाएंगे। इसके अलावा आर्टिकल 83 में भी संशोधन करना पड़ेगा। इसमें संसद के सदनों के कार्यकाल की बात कही गई है। इसके अलावा आर्टिकल 172 और 327 में भी संशोधन करना होगा। इन आर्टिकल में विधानसभा के चुनाव के बारे में संसद को नियम बनाने का अधिकार दिया गया है। गुरुवार को केंद्रीय कैबिनेट में 129वें संविधान संशोधन विधेयक को मंजूरी दे दी थी। जानकारी के मुताबिक आम चुनाव के बाद लोकसभा की पहली बैठक के दौरान राष्ट्रपति ही एक राष्ट्र एक चुनाव के समय का ऐलान करेंगे। इसका मतलब यह तारीख 2929 के लोकसभा चुनाव के बाद निर्धारित की जाएगी। ऐसे में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 2034 से पहले नहीं शुरू हो पाएंगे। सरकार लोकसभा में वित्तीय अनुदान संबंधी कामकाज पूरा करने के बाद 'एक राष्ट्र एक चुनाव' से संबंधित विधेयकों को पेश करेगी।



# गिरिडीह से चार साईबर ठग गिरफ्तार

**संवाददाता गिरिडीह ।** गिरिडीह पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार को चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इस संबंध में एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जिले के ताराटांड़ थाना इलाके के गिरिडीह धनबाद रोड स्थित उसरी नदी के समीप चार अपराधी एक बाइक के साथ खड़े है। इसी सूचना पर डीएसपी ने पुलिस जवानों के साथ छापेमारी कर चार अपराधियों को दबोचा। चारो अपराधी जिले के अहिल्यापुर थाना इलाके के पहरमा गांव निवासी विकास मंडल, परहेता गांव निवासी संदीप राय, पहरमा गांव निवासी सुधीर पंडित और अजय राय शामिल हैं। पुलिस ने चारों आरोपितों के पास से 7 मोबाइल, नौ सिम कार्ड और एक बाइक भी बरामद किया है। बरामद बाइक का मालिक खुद विकास मंडल है। एसपी ने बताया कि चारो अपराधी बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी बनकर अकाउंट होल्डर को काल करते थे और केवाइसी अपडेट करने के नाम पर लिंक भेज कर उनके अकाउंट की जानकारी लेने के बाद ठगी किया करते थे। एसपी ने बताया कि इसके अलावा अपराधी गर्भवती महिलाओं को भी काल करते थे और मातृत्व योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उन्हें भी हजारों का चूना लगाते थे। बताया कि चारो में विकास मंडल बेहद शातिर हैं और इसी तरह से ठग कर अब तक लाखों रुपए की संपति का मालिक बन चुका है।

# रातू : हाइवा और कार में टक्कर, तीन महिला समेत पांच जख्मी

## हर्षित में हो रहा है इलाज, कार के उड़ गये परखच्चे

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**रातू :** रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित छोटानागपुर फन कैशल पार्क के समीप शनिवार की रात करीब 11 बजे हुंडई कंपनी की बरना कार जेएच 05 सीजे 5120 और हाइवा जेएच 01 एफवी 9035 के बीच भिड़ंत में बर्थडे पार्टी से चटकपुर शांति नगर जा रहे एक ही परिवार के पांच लोग जख्मी हो गये। इसमें राजा सोनी, सौम्या सोनी, सिमरन सोनी, प्रियंका सोनी व शिवान सोनी शामिल हैं। इन्हें हर्षित हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। सिमरन सोनी की हालत नाजुक बतायी जा रही है। पुलिस ने कार और हाइवा को जब्त कर लिया है। दुर्घटना इतनी जबरजस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गये हैं। मामले को लेकर पीड़ित पक्ष की ओर से रातू थाने में हाइवा चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराये जाने की सूचना नहीं है।

**कैसे घटी घटनाः** सोनी परिवार का एक रिश्तेदार घटनास्थल से सटे कॉलोनी में जोसेफ उरांव के घर किरायेदार हैं। उन्हीं के बच्चे का जन्मदिन था। उसकी पार्टी में पीड़ित परिवार के लोग आये थे। खाना खाने के बाद बिदाई ली और घर लौट रहे थे। जैसे ही कार मुख्य मार्ग पर पहुंची, काठीटांड़ चौक की ओर तेज रफ्तार से आ रहे हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### तमाड़ में धान क्रय केंद्र शुरू

**तमाड़ :** तमाड़ प्रखंड परिसर स्थित लैंप्स में रविवार को उपप्रमुख शकुन्तला खंडित के द्वारा विधिवत रूप से फीता काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया।ज्ञात हो की झारखंड सरकार के सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले विभाग के द्वारा धान अधिप्राप्ति योजना 2024-2025 के तहत तमाड़ पुर्वी लैम्पस में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन हुआ जिसमें सरकार द्वारा घोषित धान क्रय के लिए 2300 रुपए समर्थन मुल्य और 100 रुपए बोनस के रुप में पंजीकृत किसानों के धान की खरीदारी की जाएगी।

# बढ़ती दुर्घटनाओं को लेकर इटकी में बाइक रैली का किया गया आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**इटकी :** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के तत्वावधान में और पेंशनर समाज और युथ अवेनेरनेस ग्रुप के सहयोग से रविवार को एक बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकना, साथ ही वाहन चलते समय सुरक्षा का पूर्ण ख्याल रखना, इसके लिए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का हमेशा उपयोग करना आदि था। रैली इटकी थाना से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन होते हुए पावर हाउस,देवी मंडप रोड, बाजार टांड, त्रिबिंधा होते हुए साहेब मोड़ कुंदी मैदान में रैली समाप्त हो गई।

रैली में लोग बाइक पर दुर्घटना से बचाव के तरह तरह के पोस्टर लागये लोगों का सचेत करते हुए जा रहे थे। इस रैली में अजीम प्रेमजी फाउंडेसन के साकेत सिंह,नसीम अहमद,पेंशनर समाज के अध्यक्ष मुस्ताक अहमद और सभी सदस्यगण मेराज आलम बबलू सामाजिक कार्यकर्ता बिनोद सिन्हा,इटकी थाना से विवेक कुमार दुबे, जोहर पार्टी के अध्यक्ष कुमार विजय कुशवाहा एवं दर्जनों लोग शामिल थे।

# तुमांग मुखिया संतोष महली के प्रयास से जलमीनार की हुई मरम्मत

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**खलारी :** तुमांग पंचायत के करकट्टा बस्ती में मुखिया संतोष कुमार महली के द्वारा जलमीनार की मरम्मत करायी गई है।वार्ड सदस्य पंकज मुंडा के पहल पर मुखिया ने मरम्मती कार्य किया। ग्रामीणो ने बताया कि करकट्टा बस्ती में लगा जलमीनार तीन चार महीने से खराब हो गया था जिसके कारण ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही थी। करकट्टा बस्ती के वार्ड सदस्य पंकज मुंडा के पहल पर खराब जलमीनार की मरम्मत मुखिया के द्वारा कराया गया। जलमीनार की मरम्मत होने से बस्ती में पानी की समस्या ठीक हो गया है।जलमीनार मरम्मत कार्य करने के लिए ग्रामीणों ने मुखिया एव वार्ड सदस्य के प्रति आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वाले ग्रामीणों में नूनी देवी, रीना देवी, झालो देवी, राजेश मुंडा, भीम मुंडा, संजय मुंडा, संदीप मुंडा, अमीन गंझु, सुरेश गंझू, नरेश गंझु, बबलू मुंडा, सुमित्रा देवी, सरिता देवी, पारो देवी, नेहा देवी, पूनम देवी आदि ग्रामीण शामिल है।

# नवाटोली में पुआल के गांज में लगी आग, किसानों को नुकसान



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बुढ़मू :** थाना क्षेत्र के चकमें पंचायत अंतर्गत नवाटोली गांव में रविवार को धान एवं पुआल के ढेर में आग लग लग जाने से भारी नुकसान हुआ है। खलिहान मे शिवलाल मुंडा, सहदैल मुंडा और श्यामलाल मुंडा का धान और पुआल रखा हुआ था। रविवार अहले सुबह अज्ञात शरारती तत्वों के द्वारा आग लगा दिया गया। जिससे तीनों किसानों को लाखों का नुकसान हुआ है। साथ ही उक्त किसान अपने घर के मवेशियों का चारा के लिए चिंतित हैं। घटना की जानकारी पाकर मुखिया रामवृत मुंडा घटना का लिया जायजा और प्रखंड प्रशासन को दिया जानकारी।

# बेड़ो सर्किल में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस उपाधीक्षक ने थानेदारों के साथ की बैठक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बेड़ो :** बेड़ो पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर कार्यालय परिसर में पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम की अध्यक्षता में बेड़ो अंचल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ अपराध नियंत्रण को लेकर बैठक की गई। जहां क्षेत्र में अवैध उत्खनन की रोकथाम को लेकर पुलिस उपाधीक्षक के द्वारा कई दिशा निर्देश दिए गए। वहीं लूट, डकैती व आपराधिक कांडों के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन का सख्त निर्देश दिया गया। साथ ही विगत पांच वर्षों में की गई हत्या, लूट व डकैती मामले के आपराधिक तत्वों की वर्तमान गतिविधियों पर निगरानी रखने का बात कही। वहीं सभी थाने की लंबित कांडों का शीघ निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। थानेदारों को अपने अपने क्षेत्र में क्राइम कंट्रोल रखने का आदेश दिया। मौके पर बेड़ो सर्किल इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय, बेड़ो थाना प्रभारी नकुल शाह, लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव, इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार व नरकोपी नरकोपी थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान उपस्थित थे।

# मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन के विस्थापितों की 20 को बंदी, समीक्षा बैठक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज :** मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन के विस्थापितों और रैयतों को मुआवजा और नौकरी को लेकर 20 को घोषित बंदी की समीक्षा बैठक की गई। बैठक हेसालोंग गंझू टोला में मोर्चा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा तथा संचालन हेमलाल गंझू ने किया। बैठक में रेल लाइन में अधिग्रहित जमीन के बदले नौकरी मुआवजा मिलने में हो रही देरी और परेशानी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही 20 दिसंबर की घोषित रेल लाइन फेज वन बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कहा गया कि अब सीसीएल प्रबंधन की आश्वासन से रैयत अब मानने वाले नही है। प्रबंधन और अंचल जब रैयत की समस्याओं के प्रति गंभीर नही है तो रैयत भी अब किसी के आश्वासन पर नही मानेंगे इसलिए इस बार अनिश्चितकालीन बंदी को लेकर रैयत भी कमर कस लिए है। बैठक में रमेश कुमार, ताहिर अंसारी, अर्जुन गंझु, सुकरा गंझू,महेश गंझु, नारायण गंझू, विकास कुमार, उपेन्द्र गंझू, उमेश गंझु, तुलसी गंझू, प्रमोद मुंडा, असित उरांव, संजय मुंडा, प्रेम गंझू, संतोष गंझु, कल्लू गंझु, सुरेंद्र मुंडा,लाल कुमार मुंडा सहित कई रैयत मौजूद थे।

### नगड़ी में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**पिस्का नगड़ी :** नगड़ी प्रखंड में रविवार को दो धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन, नगड़ी लैम्पस और साहेर लैम्पस में हुआ धान क्रय केंद्र का हुआ उद्घाटन। नगड़ी लैम्पस में 9 क्विंटल 60 किलो और साहेर लैम्पस में 10 क्विंटल धान की खरीदारी हुई। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीपाली भगत, प्रमुख मदुवा कच्छप, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, प्रभारी बीएसओ छबि बैठा, बी ए ओ। रीना, नगडी मुखिया जय गोपाल उराव, गणेश पहान, केदार महतो, शीला देवी, विजय महतो, बुधराम मुंडा, प्रभात महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# रातू : पाली में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ

## सांसद प्रतिनिधि ने काटा फीता, दो किसानों से धान की खरीदारी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**रातू :** प्रखंड के पंचायत ग्राम पाली लैंप्स लिमिटेड में रविवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया गया। इसका उद्घाटन राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश के प्रतिनिधि विमल उरांव ने फीता काटकर किया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य खुशबू कुमारी, अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव, सचिव बंधन महतो, कंप्यूटर ऑपरेटर हर्षित तिवारी, पुर्व मुखिया बंधन उरांव, वार्ड सदस्य शांति देवी और लैंप्स सदस्य रामलगण गोप, अजय महतो व महेश गोप आदि दर्जनों कृषक मौजूद थे। केंद्र के शुरू होते ही गांव के रुदन देवी और बसंतराम तिवारी से धान की खरीदारी की गयी। इधर, समारोह के दौरान सचिव बंधन महतो ने पोषक क्षेत्र के किसानों से रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की और ऑपरेटर को कई जरूरी निर्देश भी दिये।

# कोल फील्ड मजदूर यूनियन की हुई बैठक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**खलारी :** कोल फील्ड मजदुर यूनियन की बैठक तुमांग पंचायत भवन में की गयी। बैठक की अध्यक्षता रामा उरांव एव संचालन ध्वजा राम धोबी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से रोहिणी शाखा का पुनर्गठन 22 दिसंबर रविवार सुबह 11बजे होगी।शाखा सचिव ध्वजा राम धोबी ने सभी साथियों को बधाई देते हुए कहा कि रोहिणी शाखा में जिस तरह यूनियन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।जिससे अब हमेशा और दुगुना जोश के साथ काम करूंगा और रोहिणी शाखा में यूनियन पर मजदुर जो विश्वास किया और साथ दिया उस विश्वास को हमेशा कायम रखूंगा मजदूरों की हर समस्याओं समाधान का आवाज बुलंद करूंगा। इस मौके पर मुख्य रूप से नंदू मेहता, सूरज प्रधान मुंडा, बिरमल कुमार, हीरालाल, सोमनाथ मालिक, रूपलाल गांझू, राजनाथ सिंह ,मो गफ्फार अंसारी,विजय भुईयां, संजय राम, मनोज राम, शिशिर लकरा, सिकंदर, रविंदर गंझु, अशोक गंझु, चन्दन गंझु, काली राम, कृष्णा मुंडा, शिवशंकर राम , कोलेश्वर मुंडा, दिल्लू आदि उपस्थित थे।

### तमाड़ में अफीम की खेती को विनिष्ट किया



**तमाड़ :** श्री सुमित कुमार अग्रवाल पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के निदेर्शानुसार तमाड़ एवं दशामफल थाना क्षेत्र में रस्इ और रअढ-2 कम्पनी सशस्त्र बल के साथ दशमफॉल थाना अंतर्गत ग्राम हुसीरहातु के जंगलों में करीब 01 एकड़ 70 डिसमील में लगे अवैध पोस्ता (अफीम) के फसल को विनिष्ट किया तथा इस संबंध में थाना दैनिक प्रविष्टी में अंकित किया गया तथा तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुरुडीह के जंगल में अफीम के बीज लगे लगभग 02 एकड़ खेत को विनष्ट किया गया।

# इटकी में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर में अखंड हरिकीर्तन का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**इटकी :** इटकी के श्री जगन्नाथ मंदिर प्रागंण में रविवार को मार्गशीर्ष पूणार्मासी के अवसर पर 24 घण्टे का अखंड हरि नाम कीर्तन ग्रामीणों के सहयोग से पूरे विधि विधान के साथ शुरू की गई। हरे राम हरे कृष्णा स्वर से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। सैकड़ों भक्त गण हरे राम हरे कृष्ण की धुन का रसपान कर झुमते नजर आये। अखंड हरि कीर्तन में बेड़ो के ताबेर हुटार,जहाना,भंडरा,लापुंग घघारी,गड़गांव, चान्हों के सीता पुर,मांडर के झिंझरी, इटकी सहित कई अन्य गांवों कीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। इसके पूर्व पंडित शत्रुधन पाण्डे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा अर्चना के उपरांत अखंड हरि कीर्तन की शुरूआत की गई।सोमवार को ग्यारह बजे हवन के बाद अखंड हरि कीर्तन का समापन किया जायेगा। इधर महाबीर मंदिर में सुन्दर कांड पाठ और भंडरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भरत केशरी, दिवाकर शाही, अमित महतो,आलोक केशरी , बंशीघर साहू सहित अन्य लोगों की अहम भूमिका रही।

### पत्रकारों को रियायत देने की मांग

रांची : जेजेडब्ल्यूए के प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ज्योतिषी ने राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान श्री ज्योतिषी ने परिवहन मंत्री से राज्य के यात्री बसों में पत्रकारों को रियायत की सुविधा देने की मांग की।

# तुमांग पंचायत में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उदघाटन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**खलारी :** प्रखंड में दो जगहों पर धान अधिप्राप्ति केंद्र का उदघाटन किया गया। तुमांग पंचायत के करकट्टा बस्ती में मुखिया संतोष कुमार महली ने फीता काटकर उदघाटन किया।वही राय में मुखिया शीला कुमारी ने फीता काटकर उदघाटन किया गया है।केंद्र के शुरू होने से किसान उचित मूल्य पर अपने धान की बिक्री कर सकेंगे। इस मौके पर बीसीओ सुनील कुमार, आदित्यनाथ झा, किसुन मुंडा, पंकज मुंडा, शत्रुघन मुंडा, रामलगन मुंडा, मनीष भगत रमेश मुंडा, सोनू खान सहित कई लोग मौजूद थे।

# तमाड़ विधायक ने आदर्श उच्च विद्यालय रूगड़ी परिसर में 11 कमरों के भवन का शिलान्यास किया

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**तमाड़ :** विधायक विकास कुमार मुंडा ने रविवार को आदर्श उच्च विद्यालय रूगड़ी परिसर में ग्यारह कमरों के भवन निर्माण का विधिवत नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।इस विद्यालय के भवन निर्माण की स्वीकृति झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से प्रदान की गई है। इसकी कुल लागत लगभग 1 करोड़ 36 लाख रुपैया की राशि है। इस दौरान विधायक विकास कुमार मुंडा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विद्यालय भवनों की कमी को देखते हुए उच्च गुणवत्ता वाले स्कूल भवन निर्माण कराने की बात कही।उन्होंने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कभी कक्षा की कमी ना हो ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर कर सकें। विधायक ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के तमाम विद्यालयों में जल्द से जल्द चारदिवारी तथा विद्यालय भवन की कमी को दूर करने का भरोसा दिया। उन्होने लजनता के बीच यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य,पेयजल,सड़क सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए वे कृतसंकल्प हैं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो, प्रधानाध्यापिका प्रीति कुजूर, प्रताप सिंह मुंडा, अश्वनी कुमार महतो, कुमुद सिंह मुंडा,प्रधान सिंह, गंगाधर महतो,राजेंद्र सिंह मुंडा, मुन्ना महतो, मलिन महतो, विनीता सिंह,सनिका,अरविंद कुमार, हर्षवर्धन शर्मा, बासु सेठ, प्रदीप मुंडा, उमेश महतो, निरंजन कुमार,मेथा पाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बेड़ो में दो धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया

## क्रय केंद्र खुलने से किसानों में खुशी की लहर, 900 किसानों ने कराया है रजिस्ट्रेशन






रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बेड़ोः** प्रखंड मुख्यालय परिसर व हरिहरपुर जामटोली में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, उपप्रमुख मोदसिर हक,मुखिया सुशांति भगत ,विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह, कांग्रेस कमिटी प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. मौके पर जनसेवक विजय टोप्पो व जुनस टूटी की देखरेख में अधिप्राप्ति केंद्रों में किसाने से धान की क्रय की गई. जहां बेड़ो में 32 क्विंटल 89 किलो व जामटोली में लगभग 150 क्विंटल धान की किसानो द्वारा बिक्री किया गया. मौके पर उपप्रमुख मोददसिर हक ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के धान क्रय 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल की किया है . अब किसान औने पौने दाम में नहीं बेचेंगे जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा. किसान गुलाम मुस्थाफा चिस्ती ने कहा कि 32 क्विटल89 केजी 78936 रुपये की धान बिक्री किया. उन्होंने किसानों से अपनी धान क्रय केंद्रों में बेचने की अपील किया ताकि अधिक लाभ होगी.ज्ञात हो कि प्रखंड में लगभग 900 किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. मौके पर लैम्पस अध्यक्ष जगरनाथ भगत, चरवा उरांव, पाड़हा राजा विशाल उरांव, प्रबंधक गोयन्दी उरांव, बैजू गोप,ऑपरेटर कैलाश दास व अभिषेक उरांव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

# एटीएस ने तीन बदमाशों को हथियार के साथ पकड़ा

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में बिहार के सिवान जिले के जिरादेई थाना क्षेत्र निवासी अभय कुमार मिश्रा उर्फ उर्फ मास्टर, रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र निवासी अब्दुल करीम और हजारीबाग के बड़का गांव निवासी प्रमोद कुमार साव शामिल हैं। इनके पास से दो पिस्टल, दो गोली और छह मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने रविवार को बताया कि पुलिस मुख्यालय ने राज्य में संगठित अपराधिक गिरोहों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने का निर्देश आतंकवाद निरोधी दस्ते को दिया है। इसी क्रम में रंगदारी के लिए जान मारने की धमकी के आरोप में दर्ज रातू थाना (काण्ड संख्या 360/24) को डीजीपी के आदेश पर 12 दिसंबर को एटीएस थाना (काण्ड संख्या 08/24) दर्ज किया गया।

एसपी ने बताया कि इस मामले के अनुसंधान के क्रम में संदिग्ध अभय कुमार मिश्रा से पूछताछ की गई। पूछताछ में यह बात प्रकाश में आई कि अभय कुमार मिश्रा ने बरियातू थाना क्षेत्र में रहने वाले पत्थर व्यवसायी शैलेन्द्र प्रताप नारायण सिंह उर्फ अनूप सिंह को भी जान से मारने की धमकी देकर 20 लाख




रुपये की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में बरियातू थाना में गत 10 दिसंबर को मामला दर्ज कराया गया था। पूछताछ में एटीएस टीम को एक महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई कि अब्दुल करीम नामक व्यक्ति के पास हथियार है। इस सूचना पर पिठोरिया थाना और एटीएस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर अब्दुल करीम के घर से दो पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किया। साथ ही अब्दुल करीम को गिरफ्तार किया गया।

एसपी ने बताया कि एटीएस टीम ने पाण्डेय गिरोह के सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर रही है। इस क्रम में भदानीनगर (काण्ड संख्या 223/24) के अप्राथमिकी आरोपित प्रमोद कुमार साव को हजारीबाग और एटीएस टीम ने संयुक्त छापेमारी कर गिरफ्तार किया। आरोपित प्रमोद साव हजारीबाग जिला के बड़कागांव थानाक्षेत्र में घटित हत्या, फायरिंग की घटना का वांछित अपराधी था।

एसपी ने बताया कि अब्दुल करीम के खिलाफ पिठौरिया थाने में पूर्व से मामला दर्ज है। जबकि प्रमोद कुमार साव के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य अपराध से जुड़े छह मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

# मांडर पल्ली में क्रिसमस करनिवल सह मिलन समारोह का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**मांडर :** मांडर पल्ली में रविवार को क्रिसमस कार्निवल सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मांडर भिखारिएट के ब्राम्बे, खलारी, मखमंदरो, मकुंदा, नवाटांड़ सिदरौल सहित अन्य पल्लियों के खीस्त समुदाय के लोगों ने भाग लिया. खीस्तीय। व्यवसाय सामिति मांडर की ओर से आयोजित इस समारोह में मुख्य अनुष्ठाता फादर परसन तिर्की द्वारा समारोही मिस्सा अनुष्ठान संपन्न कराया. इस अवसर आर्च विशप विनसेंट आइंद मौजूद थे इस दौरान आकर्षक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गयी जो मांडर पल्ली से शुरू होकर एनएच 75 से होते हुए टांगर बसलीमोड़ जाकर वापस लौटी. टांगरबसली मोड़ में सड़क पर




पल्ली पुरोहित प्रसन्न तिर्की ने मांडर सीओ चंचला कुमारी, थाना प्रभारी राहुल, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का व अन्य लोगों के साथ केक काटा और एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी. बाद में पल्ली परिसर में स्थित संत जेवियर्स स्कूल मैदान में क्रिसमस पर आधारित गीत संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गयी. इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया. मौके पर ,सांसद सुखदेव भगत,फादर जॉन शैलेन्द्र टोप्पो, फादर अनुज सोरेन, फादर दानिएल डूंग डूंग,फादर चोन्हस तिग्गा,फादर अल्बर्ट लकड़ा, फादर एडविन मिंज, फादर प्रदीप मिंज,फादर ऑस्कर,फादर एरेनियुस सहित खीरीस्तिय व्यवसाय समिति के निर्मल एक्का, नेल्सन तिर्की,बासील टोप्पो कैथोलिक युवा संघ के पित्तरूस खलखो, महिला संघ की कामेर्ला बारबरा, रोशन इमानुवेल तिग्गा, प्रेमचंद एक्का सहित बड़ी संख्या में मशीही समुदाय के लोग उपस्थित थे ।

## द ओरियन्स स्कूल आफ एडवेंटिस्ट एजुकेशन में क्रिसमस गेदरिंग

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**पिस्का नगड़ी :** प्रखंड के टिकराटोली स्थित द ओरियन्स स्कूल आफ एडवेंटिस्ट एजुकेशन में रविवार को द ओरियन्स फन फीस्ट (क्रिसमस गेदरिंग)का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बरियातू एसडीए के डायरेक्टर प्रियंका किस्कू ने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ अन्य विषयों की जानकारी रखनी चाहिए जैसे खाना बनाना, बाजार में खरीद बिक्री तथा घरेलू सामान का रख रखाव सहित अन्य जानकारी आवश्यक है। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों के द्वारा आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में कई तरह के गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किये गये जिसे लोगों ने पसंद किया। कई तरह के स्टाल लगाकर स्वास्थ्य वर्धक और स्वादिष्ट व्यंजन की बिक्री की गई। मौके पर उप प्रमुख अफसाना परवीन, लिली हंसदा, सुप्रभा गुड़िया, निमी कंडुलना, गजाधर उरांव, सीसर खान, ललिता उरांव, सरिता देवी सहित दर्जनों गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। समारोह के आयोजन में प्राचार्य पिंकी प्रविणता तिग्गा,प्रबंधक अजय तिर्की, निर्मल चंद्र तिग्गा के साथ स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों की सराहनीय भूमिका रही।

## जेएलके मोर्चा ने कार्यपालक अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**



**रांची :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा, रांची जिला महानगर अध्यक्ष संजय कुमार महतो ने कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता वितरण विभाग, बुटी को अपने पत्र में पीएचइडी, बुटी द्वारा विस्थापित ग्रामीणों के साथ हो रहे उपेक्षा को 13 दिसंबर 2024 के अपने ज्ञापन के माध्यम से कड़ी आपत्ति जताई है।

रांची महानगर अध्यक्ष संजय महतो ने आरोप लगाया है कि विस्थापित गांव बुटी, खिजूर टोला, महुरम टोली आदि गांव में अभी तक पेयजल का समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है और लोग कुंआ का पानी अभी भी पीने को मजबूर हैं। इन्होंने आरोप लगाया कि पीएचइडी के कई क्वार्टर को रेंट में लगाया गया है एवं 50 - 60 कर्मचारियों ने पीएचइडी एवं विस्थापित बुटी ग्रामीणों के जमीन पर घर बनाकर रह रहे हैं, जो कहीं से भी संवैधानिक नहीं है तथा पीएचइडी बुटी द्वारा अपने काम बाहरी एजेंसी एवं बाहर के लोगों द्वारा कराया जा रहा है जिसमें अभिलंब सुधार करते हुए स्थानीय लोगों को टेंडर एवं काम पर रखें।

## आश्रम के लोगों के साथ क्लब ने मनाई खुशियां : विजय पाठक

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**




**रांची :** त्रिवेणी पूर्णिमा (मार्गशीर्ष मास) के शुभ अवसर पर छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के तत्वावधान में आदर्श ओल्ड एज होम (बिहार समाज कल्याण संस्थान)आश्रम नगड़ी, में जीवन यापन कर रहे लोगों के साथ खुशियां मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के वरीय संरक्षक विजय पाठक ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख व्यवसाई सुनील कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका आशा किरण, नरेश झा, ए.एस.एस.पी.एल.के एम.डी.रोहित कुमार,छात्र क्लब पर्यावरण मंच के संरक्षक प्रीति कुमारी, बुद्धिजीवी मंच के संरक्षक पिया बर्मन, कला संस्कृति मंच के संरक्षक वीणा श्री मौजूद थे।

सर्वप्रथम आश्रम के सभी लोगों एवं सभी अतिथियों को क्लब के ललिता साव ने अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पेशकर कर सभी लोगों का मन बहलाया।

## दिव्यांगों के भीतर आत्मशक्ति की अदभुत क्षमता : नि::शक्तता आयुक्त

**रांची :** ब्रह्माकुमारी के राजयोग रिसर्च एवं राजयोगा फाउण्डेशन के दिव्यांग सेवा प्रभाग के द्वारा पूरे भारत देश में चलाये जा रहे दिव्यांग समानता, संरक्षण एवं सशक्तकरण अभियान के तहत पूरे झारखंड में अभियान चलाया जा रहा है। झारखंड दिव्यांग समानता संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ चौधरी बगान हरमू रोड ब्रह्माकुमारी संस्थान में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ करते हुए झारखंड राज्य निःशक्तता आयुक्त, अभय नन्दन अम्बष्ट भाप्रासे ने कहा कि दिव्यांगों के भीतर एक अदभुत क्षमता होती है। वे अपनी अआत्मशक्ति के बल पर जो चाहते हैं वो कर लेते हैं क्योंकि उनकी शारीरिक क्षमता भले ही कमजोर हो, लेकिन बौद्धिक क्षमता अधिक होने से वो ऐसे कार्य भी कर लेते हैं, जो आम तौर पर अकल्पनीय माने जाते हैं। दिव्यांगों को सहानुभूति नहीं साहस चाहिए। हमें उनके हूनर को प्लेटफोर्म देना होगा। आगे का रास्ता वो खुद तय कर लेंगे। समाज उनके साथ समानता का व्यवहार करें जिससे उनकी प्रतिभा में निखार हो। दिव्यांग के शरीर में कमी हो सकती है, लेकिन इस शरीर में एक आत्मा है और आत्मा कभी विकलांग नहीं होती है। कार्यक्रम में उपस्थित राँची गौशाला न्यास के अध्यक्ष पुनीत पोद्दार ने कहा मानवता की सेवा ही सर्वोपरि सेवा है। आध्यात्मिकता और संगठन की शक्ति को जोड़ कर मानवता की सेवा ब्रह्माकुमारीज कर रही है और यही श्रेष्ट पुण्य का मार्ग है।

## नामकुम : सदाबहार चौक पर बीडीओ ने दवाई दोस्त नामक दुकान का किया उद्घाटन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**नामकुम :** सदाबहार चौक नामकुम में दवाई दोस्त फार्मा मेडिकल शॉप का रविवार को उद्घाटन नामकुम प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार एवं रांची जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रमेश पांडेय के द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया।

मौके पर अतिथि ने दुकान के प्रोपराइटर के इस पहल की सराहना के साथ शुभकामना दी।

मौके दुकान के प्रोपराइटर प्रेम प्रकाश सिंह ने बताया कि जो भी ग्राहक दूकान पर आएंगे उनको



85 प्रतिशत दवाइयां पर दवाई उपलब्ध कराई जाएगी। क्योंकि मार्केट में मेडिकल दुकानों में बहुत ही बढ़ी हुई मूल्य पर दवाई की खरीद बिक्री होती है इसलिए इस दवाई दुकान के खुलने से लोगों को राहत मिलेगी साथ ही बताया कि जेनेरिक दवाई की ज्यादा बहुलता होगी इस दुकान में।

मौके पर विक्की सिंह, आत्मानंद पांडे, अखिलेश सिंह, रमाशंकर तिवारी, मनोज लाकड़ा सहित अन्य लोगो की उपस्थिति रही।

# झारखंड में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन : अब्दुल हसीब अंसारी

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन रांची शाखा,नजदीक सिल्क पार्क कोइलारी इरबा रांची में शुरू हो रहा है. इस मौके पर शाहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन ने इंटेलेक्चुअल मीट का आयोजन किया गया. इस इंटेलेक्चुअल मीट में शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन की शैक्षणिक पद्धति इसकी विशेषताएं और झारखंड के विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध मौके पर चर्चा की गई. इस मौके पर बोलते हुए शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के रांची शाखा के अध्यक्ष अब्दुल हसीब अंसारी ने कहा कि यहां केजी से क्लास सेवंथ तक सीबीएसई पैटर्न में पढ़ाई होगी इसके अलावा क्लास 11इँ और 12इँ का इंटीग्रेटेड नीट का रिपीटर बैच भी चलेगा. लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग आवासीय कैंपस भी उपलब्ध है. हमारा मकसद है झारखंड के छात्रों को विकसित करना जिससे वह समाज को कैसे आगे बढ़ाएं. उन्होंने कहा कि समाज की अनुशासन,इस्लाम बुनियाद को ठीक करना, जरूरी दीनी तालीम देना,सशक्त बनाना हमारा मकसद है. इस मौके पर बोलते हुए साजिद अंसारी ने कहा कि शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन




कमजोर आय वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की भी सुविधा दी जाएगी. उन्होंने कहा किशहीन ग्रुप आफ विशेषण की 18 शाखा झारखंड में दीनी माहौल में विश्व इस स्तरीय शिक्षा उपलब्ध कराएगी. इस मौके पर बोलते हुए बू तल्हा अब्दाली एडमिनिस्ट्रेटिव हेड शहीन ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन रांची शाखा ने कहा कि यहां यूपीएससी, नीट,जेइइ की तैयारी भी कराई जाएगी. साथ ही देश में है जहां 30000 से अधिक छात्र पढ़ाई कर रहे हैं.उन्होंने कहा कि यहां वैल्यू बेस्ड एजुकेशन दिया जाएगा जिससे कि समाज को विकसित किया जा सके. ग्रामीण और शहरी शिक्षा के बीच के अंतर को खत्म करना ही हमारा मकसद है. मौके पर बोलते हुए जावेद अहमद सीईओ ने कहा कि या स्कूल 5 एकड़ में फैला है जहां मुस्लिम समाज में शिक्षा के क्षेत्र में तब्दीली लाना ही हमारा मकसद है. हमारा मकसद है कि शहीन ग्रुप का इंस्टीट्यूशन हब आफ एकेडमिक एक्सीलेंस रांची और झारखंड का बने. इस मौके पर रांची और झारखंड के कई बुद्धिजीवी मोहम्मद शाहिद अहमद अंसारी अध्यक्ष मेदांता ग्रुप, मोहम्मद जावेद मंसूरी सदर सिमरिया अंजुमन, शरीफ अंसारी, मोहम्मद हसीम, मास्टर मोइज, मुंतजिर अहमद रजा,अब्दुल कुद्दुस अंसारी, रहीम अंसारी, आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रचेतना का अलख जगाने का काम कर रहा है साहित्योदय

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला संस्कृति न्यास साहित्योदय के बैनर तले आहूत तीन दिवसीय शिवायन अंतरराष्ट्रीय साहित्य महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। जिसमें रांची सहित देश-विदेश के सैकड़ो साहित्यकार और कलाकार सम्मानित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक मदन कौशिक ने किया जबकि समापन पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने। श्री कोश्यारी ने रचनाकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि साहित्योदय राष्ट्रचेतना का अलख जगाने का अभूतपूर्व कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रख्यात साहित्यकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने काव्य लेखन और वर्तमान साहित्य पर रचनाकारों का दिशा निर्देश किया। विशिष्ट अतिथि आचार्य देवेन्द्र कुमार देव ने भाषा, शिल्प और प्रस्तुति पर विस्तृत मार्गदर्शन किया। आयोजन में शिवायन महाकाव्य, सत्य साधना, गङ्गा, महक माटी की, लफ्ज मुसाफिर, अंगूठे की मौत, कथामाल्य, मन के अँगना में, दोहा दर्पण समेत कई पुस्तकों का विमोचन हुआ। काव्याभिषेक में प्रख्यात गीतकार डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, आचार्य देवेंद्र कुमार देव,




वीणा शर्मा सागर, सुनील साहिल, पंकज प्रियम समेत सैकड़ो लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकारों ने काव्यपाठ किया।

मुख्य आयोजक साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने बताया कि राष्ट्रचेतना, भारतीय सभ्यता, साहित्य, संस्कृति और संस्कारों के पुनरुत्थान हेतु साहित्योदय अपनी स्थापना काल से ही कृतसंकल्प है। साहित्योदय नवोदित साहित्य प्रतिभाओं को वैश्विक मंच देने का काम कर रहा है और अबतक 3 हजार से अधिक लोगों को मंच प्रदान किया जा चुका है। दो हजार से अधिक ऑनलाइन आयोजन और दो दर्जन से अधिक पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है।

आयोजन को सफल बनाने में हेतु राकेश रमण, किशोरी भूषण, शोभा पाराशर, अर्चन झा, अनिल अग्रवाल, डॉ इंदु अग्रवाल, सुनील पराशर, सुशील झा, अनिता सोनी, हेमा आर्या, निशा अतुल्य, डॉ रजनी शर्मा, डॉ प्रियम्बदा मिश्रा, कीर्ति मेहता, सुदेष्णा सामन्त समेत समस्त साहित्योदय परिवार ने अपनी महती भूमिका निभाई।

## जनहित में सिल्ली स्टेडियम का औचक निरीक्षण करें उपायुक्त : राजू महतो

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**सिल्ली :** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांति क्रान्तिकारी मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता राजू महतो ने खेल प्रेमी युवाओं के लिए एक अच्छे कदम उठाए और रांची उपायुक्त से जन शिकायत दर्ज करते हुए आग्रह किया है कि सिल्ली में बने स्टेडियम से राजनीतिक दल के कब्जे को हटाया जाए और राज्यस्तरीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया जाए । ताकि राज्य में फुटबॉल के क्षेत्र में एक ऊंची आयाम स्थापित किया जा सकता है । श्री महतो जी उपायुक्त महोदय जी को सूचित करते हुए बताया कि इस स्टेडियम में टर्फ लगा हुआ है । जो कि राज्य में कहीं भी नहीं है । तो इसका इस्तेमाल से खेल प्रेमियों में उत्साह बढ़ेगा । जिससे भविष्य में हमारे क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ी देश में नाम रोशन कर पाएंगे। लेकिन दुखद पहलू ये रहा है कि इस स्टेडियम का केवल राजनीतिक इस्तेमाल ही होते आया है। यहां पर वर्षों से बिना बेध कनेक्शन के बिजली का इस्तेमाल किया जा रहा है । इसको भी संज्ञान में लें और उचित कारवाही करें। स्टेडियम के नीचे बने रूम जो वर्षों से बंद पड़े हैं । उनको अगर हॉस्टल बना दिया जाएगा तो राज्य भर से टैलेंट खिलाड़ियों को उचित प्लेटफॉर्म मिल सकता है । इस पर भी ध्यान दें तो करोड़ों की लागत में बना स्टेडियम का सदुपयोग हो सकता है । समाचार लिखे जाने तक की खबर ये रही है कि महतो जी की जन शिकायत तो हुई है जिसका कंप्लेन नंबर भी दर्ज किया गया ।

## झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की कमेटी भंग

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के बैठक दिन के 3:00 बजे ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड कार्यालय में हुई बैठक के अध्यक्षता महासंघ के संस्थापक से प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया और आज की बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र पांडे ,प्रदेश सचिव आकाश भारती प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर मुंडा एवं प्रदेश कार्यकारी सदस्य साह रांची रेलवे स्टेशन मार्ग अध्यक्ष भोला सिंह के उपस्थिति में झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो



चालक महासंघ के कमेटी को संविधान के हिसाब से आज भंग कर दिया गया है और झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के लिए अगर कोई भी प्रदेश में अध्यक्ष के दावेदारी देते हैं तो दिनांक 25 दिसंबर 2024 शाम 5:00 बजे तक प्रदेश कार्यालय में अपना आवेदन दे ताकि चुनाव कैसे कब और कहां किया जाए इसका व्यवस्था में महासंघ लगेगा और अगर प्रदेश अध्यक्ष के कोई भी दावेदारी 25 दिसंबर शाम 5:00 बजे तक नहीं देते हैं तो हर साल के भांति इस साल भी आम सभा के माध्यम से प्रदेश पदाधिकारी एवं कार्यकारी सदस्यों की मनोनीत करते हुए घोषणा की जाएगी फिलहाल आम सभा कार्यक्रम का स्थान चिन्हित नहीं किया गया है स्थान चिन्हित करने का बाद जानकारी सभी को दे दी जाएगी ।

# जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए : छात्र संघ

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**रांची :** राज्यभर के लाखों अभ्यर्थियों ने 21 और 22 सितंबर को हुए जेएसएससी सीजीएल के पेपर लीक का अंदेशा जताया है। अखिल झारखंड छात्र संघ अभ्यर्थियों की जायज मांग और कल होने वाले घेराव एवं धरने को नैतिक समर्थन देती है। सरकार इस मामले की सीबीआई से जांच करने की जगह सीआईडी से मामले की लीपापोती करने में लगी है। एक ओर जहां पर सीआईडी में विचाराधीन है तब राज्य सरकार आनन फानन में रिजल्ट जारी कर दिया गया। उक्त बातें अखिल झारखंड छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कही। जेएसएससी सीजीएल मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाय।

उन्होंने कहा कि सरकार ने परीक्षा लेने के लिए दो दिनों तक इंटरनेट बंद किया था लेकिन फिर जेएसएससी कदाचार मुक्त परीक्षा कराने में विफल रही। इतने वर्षों के बाद इस साल जनवरी में यह परीक्षा ली गई लेकिन उस वक़्त पेपर लीक होने से यह परीक्षा स्थगित कर दी गई थी अब ऐसा प्रतीत होता है फिर उसी घटना की पूर्णावर्ती हुई है। जेएसएससी ने अपनी गलत कार्यशैली से न सिर्फ अभ्यार्थियों का बल्कि राज्य का भी भविष्य बर्बाद करने पर आमादा है। अभ्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद करे जेएसएससी। और राज्य सरकार इस पूरे मामले को सीबीआई से जांच कराई जाए। चुकीं एक और मुख्यमंत्री महोदय ूि से जांच की बात कहते है और दूसरी और खररउ इस पूरे प्रकरण को किसी भी तरह की अनियमितता और पेपर लीक से पूरी तरह इंकार करती है अभ्यर्थी सहित राज्य के छात्र युवा और इस पूरे प्रकरण में घोर अनियमितता बरतने और पेपर लीक की पूरी संभावना दिखाई पड़ रही है ।अतः आजसू मांग करती है कि इस पूरे प्रकरण को सीबीआई से जांच कराई जाए।

# मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन





**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा ।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में रविवार को मंडल कारा कोडरमा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि जेल में आने वाला हर बंदी अपराधी नहीं होता । जेल में आने पर कोई भी बंदी अपने आप को हीन नहीं समझे बल्कि अपने किए गए कार्यों का मंथन करें और यहां से निकलकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का प्रयास करें । उन्होंने सभी बंदियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की । मौके पर एलएडीसीएस के अधिवक्ता नवल किशोर,राजेंद्र मंडल, अरुण कुमार ओझा, अश्विनी शरण एवं ललन चौधरी ने कहा कि प्ली बारगेनिंग के तहत कोई भी बंदी अपने सजा को कम करने की अपील कर सकता है। मौके पर सहायक जेलर अभिषेक कुमार,न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, जेल कर्मी राजीव कुमार पारा लीगल वॉलेंटियर रविन्द्र कुमार यादव सहित सैकड़ो बंदी मौजूद थे। इस जेल अदालत के अवसर पर कोई उपयुक आवेदन नहीं प्राप्त होने के कारण किसी भी मामले का निष्पादन नहीं किया जा सका। इस अवसर पर मंडल कारा के बंदियों ने अपनी अपनी समस्याओं को सचिव गौतम कुमार के समाने रखा।

# श्री अग्रसेन भवन मे तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का किया गया पोस्टर विमोचन



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**झुमरी तिलैया–** मारवाड़ी युवा मंच की %प्रेरणा% शाखा व अग्रवाल समाज के तत्वाधान मे श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 26 से 28 दिसंबर तक झुमरीतिलैया के श्री अग्रसेन भवन में आयोजित होगा। शिविर में मरीजों को कृत्रिम पैर, कृत्रिम हाथ और कैलिपर्स लगाए जाएंगे।शिविर में शामिल होने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि 25 दिसंबर निर्धारित की गई है। निःशुल्क जांच और कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण के लिए मरीजों को आधार कार्ड की फोटोकॉपी और पासपोर्ट साइज के दो फोटो साथ लाने होंगे। इस शिविर के प्रचार प्रसार हेतु श्री अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के पदाधिकारी गण एवं सदस्यों तथा मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा की पदाधिकारी गण एवं सदस्यों के द्वारा पोस्ट कभी मोचन किया गया। तथा यह पोस्टर एवं बैनर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगाए गए ?यह शिविर विकलांग व्यक्तियों के जीवन में नई उम्मीदें जगाने का प्रयास है। इस आयोजन में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्डा , समाज के सचिव संजीव खेतान और प्रेरणाशाखा की शीतल पोद्दार, और परियोजना निदेशक प्रिया अग्रवाल और दीपा गुप्ता को बनाया गया है समाज व शाखा के अन्य सदस्य शिविर को सफल बनाने मे लगे है । इसके अलावा, ललित केडिया और नेमी अग्रवाल भी इस शिविर के संचालन में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं।आयोजन से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए 8210682983, 9123496577, 7004099345, 8789386632 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है.इस शिविर का उद्देश्य विकलांग व्यक्तियों के जीवन को सरल और आत्मनिर्भर बनाना है। आयोजकों ने अधिक से अधिक जरूरतमंदों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# रोटरी क्लब ने बच्चों के बीच किया गर्म कपड़ों का वितरण



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता झुमरी** तिलैया रोटरी क्लब कोडरमा के द्वारा तिलैया बस्ती बिरहोर बस्ती में जरूरतमंद बच्चों के बीच 100 पीस गरम स्वेटर ट्रैकसूट टोपी बिस्कुट आदि का वितरण किया गया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष अमित कुमार असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा सचिव प्रवीण मोदी पब्लिक रिलेशन के डायरेक्टर नवीन जैन संदीप सिन्हा रोटेरियन वीरू यादव मौजूद थे । यह सभी गरम कपड़ा रोटेरियन सिमरनजीत सिंह दीपक यूनिफॉर्म हाउस के द्वारा जरूरतमंदों को दिया गया था। रोटरी अध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है। एजि संगीता शर्मा ने कहा कि ठंड के समय जरूरतमंदों के बीच राहत सुविधा पहुंचाने से बहुत खुशी मिलती है, यह हमारा कर्तव्य है। रोटरी क्लब के प्रवक्ता मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने कहा कि आने वाले दिनों में भी रोटरी कोडरमा इस भीषण ठंड के दिनों में जरूरतमंदों को कंबल स्वेटर आदि मुहैया कराएगी।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में पाक्षिक विद्यालय पत्रिका का विमोचन



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कोडरमा।** पीएम श्री जेएनवी कोडरमा ने रविवार को अपने पाक्षिक स्कूल न्यूज़लेटर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिले के वरीय पत्रकार संजीव समीर, राजेश कुमार, प्रेम भारती, रवि छाबड़ा, उमा शंकर के साथ ही ग्राफिक डिजाइनर रवि शंकर भी बतौर अतिथि मौजूद थे। समारोह की शुरुआत सुबह 10 बजे आमंत्रित लोगों को गुलदस्ता और बैज देकर की गई। इसके तुरंत बाद प्राचार्य किशोर कुमार, उप-प्राचार्य पंकज एस राणा, अन्य अतिथियों ने पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन किया। न्यूज़लेटर का अनावरण प्राचार्य किशोर कुमार और विद्यालय के अन्य शिक्षको ने किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ जिसमें बच्चों ने स्वागत गीत गाया और एक मधुर एकल गीत भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुस्कान और स्वाति ने किया। पत्रकार संजीव समीर और प्रेम भारती ने बच्चों से कैरियर को गम्भीरता से लेने और जीवन बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। प्राचार्य ने कहा, ÷न्यूज़लैटर (समाचार पत्रिका) केवल तथ्यों का संग्रह या अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे विद्यालय के जीवंत वातावरण को भी दर्शाता है। यह टीम वर्क और नवाचार की भावना का प्रतिनिधित्व करता है। उप-प्राचार्य पंकज राणा ने रविशंकर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने न्यूज़लैटर का ग्राफिक डिज़ाइन बनाया था। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को उनके विकास और रचनात्मकता के लिए मंच प्रदान करना उनका पोषित सपना था। उन्हें उम्मीद है कि यह न्यूज़लैटर विद्यालय और समाज के बीच एक कड़ी के रूप में काम करेगा। उन्होंने कला मैडम विभा रानी, समन्वयक बरवा और अब्दुल्ला, मेस कर्मचारियों, कार्यालय कर्मचारियों सभी शिक्षकों और कर्मचारियों को धन्यवाद दिया जिन्होंने अपनी एकजुटता दिखाई। उन्होंने दर्शकों के महत्व को भी पहचाना, जिनकी उपस्थिति के बिना कोई भी कार्यक्रम कभी सफल नहीं हो सकता। संतोष, खुशी और आशा के साथ समारोह समाप्त हुआ।

# हैप्पी स्ट्रीट फिर से हुआ शुरू, लोगों ने की बोकारो स्टील प्रबंधन की सराहना



बोकारो के लोगों को चुस्त और तंदुरुस्त रखने के लिए बोकारो स्टील की ओर से एक बार फिर हैप्पी स्ट्रीट की शुरुआत की गई है।इसका उद्घाटन बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर इंचार्ज बी के तिवारी ने फीता काटकर किया। इस दौरान अधिशासी राजन प्रसाद, सीजीएम नगर सेवा कुंदन कुमार, बीएसएल के सुचना एवं प्रसारण प्रमुख मनी कान्त धान, अशोक कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

बोकारो के सेक्टर 4 गांधी चौक के पास से बोकारो मॉल तक सड़क के एक लेने में 67 स्टॉल लगाए गये, इनमें बोकारो के विभिन्न बिद्यालय , ह्लह्ल, ष्द्धस्न्न, संगीत कला अकादमी और महिला समिति, हेल्दी फूड स्टॉल खास आकर्षण रहे। इस दौरान बोकारो के विभिन्न निजी अस्पतालों ने फ्री मेडिकल चेकप कैम्प भी लगाया। हैप्पी स्ट्रीट में विभिन्न प्रकार के कल्चरल प्रोग्राम, स्पोर्ट्स सहित अन्य एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

## लोगों ने हैप्पी स्ट्रीट का उठाया लुफ्त..

इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने सड़क पर सुबह-सुबह निकलकर हैप्पी स्ट्रीट का आनंद लिया। इस दौरान सड़क पर युवाओं ने हॉकी, फुटबॉल, जूडो और झारखंड की संस्कृति से संबंधित पारंपरिक गीत सहित अन्य कई खेलों में भाग या।

## लोगों ने बोकारो स्टील प्रबंधन के प्रयास की सराहना की:

लोगो ने बोकारो स्टील के इस प्रयास की सराहना की। लोगों ने कहा कि ठंड के मौसम में इस प्रकार की एक्टिविटी शरीर को चुस्त और तंदुरुस्त रखने के लिए जरूरी है।बोकारो के लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। क्योंकि वर्तमान समय में इस तरह के कार्यक्रम होने से लोगों में एक ऊर्जा का संचार होता है। हैप्पी स्ट्रीट% का समापन 24 जनवरी 2025 को SAIL दिवस के साथ होगा।

# डोमचांच नगर पंचायत पप्पू मेहता नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला वार्ड नंबर सात ने अपने नाम किया



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता डोमचांच** चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के पानी टंकी मैदान में पप्पू मेहता नाकआउट डोमचांच नगर पंचायत क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज दिन रविवार को खेला गया जिसमें पहली पारी में वार्ड नंबर सात ने 16 ओवर में कुल 163 रन बनाया वही जावाबी पारी खेलने उतरी वार्ड नंबर दो ने 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और फाइनल मैच वार्ड नंबर सात अपने नाम किया इस खेल में टोटल आठ टीमो ने भाग लिया था वही मौके पर कोडरमा जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, डोमचांच प्रमुख सत्यनारायण यादव,डोमचांच नगर उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, समाज सेवी संजय मेहता ,भीम सिंह दीपक सिंह आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# टाइम मैनेजमेंट कार्यक्रम के तहत विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**जयनगर।** प्रखंड स्थित सीबीएसई नई दिल्ली पाठ्यक्रम से संचालित आदर्श शिशु प्लस टू विद्यालय बाघमारा में टाइम मैनेजमेंट कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड से आए हुए अतिथियों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा एवं संचालन हरिद्वार टीम से आए हुए जानवी पांडेय के द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों को समय का सही प्रयोग व्यक्तित्व विकास एवं मोबाइल तथा गलत आदत से बचने के बारे में जानकारी दिया एवं उन्हें जागृत किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंजलि पटेल ने भारतीय



संस्कृति के बारे में बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति सनातन धर्म के मार्ग पर चल रहा है एवं आने वाले दिनों में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है उन्हें विद्यार्थियों को टाइम का मैनेजमेंट कैसे करें स्वास्थ्य पर ध्यान देने संबंधित कई सारी बातें बताई इस दौरान कार्यक्रम में युवा समस्या मोबाइल का लत एवं चाइनीस गेम्स के बारे में जागरूक करते हुए विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया मौके पर अंजलि पटेल, राधिका त्रिपाठी, सुमन कुमारी, विद्यालय के निर्देशक रामदेव प्रसाद यादव, वरीय शिक्षक लक्ष्मण चंद्र यादव, पिंटू कुमार पांडेय ,शंकर दास, विनोद यादव, श्यामसुंदर यादव, मनीष कुमार सिन्हा, सुजीत राज, प्रकाश पांडेय ,रेनू मैम, सैकड़ो छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

# सामाजिक न्याय के छुटे योद्धाओं को राजद से जोड़ने को लेकर जारी रहेगा संघर्ष-सुभाष प्रसाद यादव

## राजद प्रधान कार्यालय में चुनाव परिणाम को लेकर 171 बूथों का समीक्षा बैठक संपन्न

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** विधानसभा चुनाव परिणाम आने के पश्चात राजद प्रधान कार्यालय,विशुनपुर, आश्रम रोड में पार्टी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष सह जिप चेयरमैन रामधन यादव ने की। समीक्षा बैठक में राजद के प्रत्याशी रहे सुभाष प्रसाद यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए सुभाष प्रसाद यादव ने कहा कि सामाजिक न्याय के योद्धाओं को संगठित करने का कार्य जारी रहेगा।चुनाव परिणाम राजद के अनुकूल नही आया, लेकिन राजद कार्यकर्ताओ को निराश होने की जरूरत नही है। उन्होंने कहा कि राजद कोडरमा में सामाजिक न्याय के विचारधारा को मानने वाले छुटे योद्धाओं को जोड़ने के संघर्ष करेगी। उन्होंने राज्य में महागठबंधन की सरकार बनने और सीएम हेमन्त सोरेन को दुबारा सत्ता संभालने पर शुभकामनाएं दी गयी।उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य राजद करेगी। राजद जिलाध्यक्ष रामधन यादव ने कहा



कि इंडिया गठबन्धन की सरकार एससी-एसटी, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों की हितों की रक्षा करेगी।राज्य सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं समेत कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए राजद शिद्दत से कार्य करेगी।समीक्षा बैठक में नगर परिषद झुमरी तिलैया के 74 बूथ,नगर पंचायत के 23 बूथ और कोडरमा प्रखण्ड के 74 बूथों की बूथवार समीक्षा की गई। इन तीनो क्षेत्रो के 171 बूथों पर राजद को प्राप्त मत और कमियों को लेकर जुझारू कार्यकर्ता ने आंकलन कर अपनी अपनी रिपोर्ट पेश की।साथ ही भविष्य में बेहतर परिणाम के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। मौके पर डॉ जावेद अखूतर,महेश यादव,सरफराज नवाज़ खान,दीपक यादव,मो मोजहिर, मन्नान खान, अमरजीत कौर,बिनोद यादव, विजय यादव, शंकर दयाल यादव, घनश्याम तुरी,डालो पासवान,अरुण पासवान, संजय दास,रामबचन यादव,मंटू यादव,सुरेश कुमार, टुकलाल यादव,कन्हाई यादव, टुकलाल यादव, कुलदीप यादव, बिनोद यादव, विक्रम यादव,जैकी यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

# कनाडा में आंतरिक सुधार जरूरी



भारत डोगरा

**वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीर्षक है- 'कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोर्ट्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।**

तेईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, यह भी समय-समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था। कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस-कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। यहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली-भांति पूछताछ कर ली जाती तो षड़यंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।

एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षड़यंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिंग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षड़यंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोटरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।




पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षड़यंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक-विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफाम्रेशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन-शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते-धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने-जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीट ?ूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीषर्क है 'कनाडा' ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म'। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदभरे में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।

इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीषर्क है-'कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोटर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

मेजर ग्रेग ले ने कनाडियन फोर्सेज कॉलेज के लिए एक अनुसंधान पत्र लिखा है, जिसका शीषर्क है, 'द इवॉल्यूशन ऑफ टैररिज्म इन कनाडा-इन्क्रीज्ड थ्रेट इन अ कल्चर ऑफ इनडिफेरेंस'। इस अध्ययन में लिखा है कि आतंकियों की हिंसक और जबरदस्ती वाली प्रवृत्तियों से कनाडा के सिख समुदाय की समस्याएं और दुख-दर्द बढ़ गए हैं। बाब रे, जो आनटेरियो के मंत्री रह चुके थे, को कनिष्क त्रासदी की जांच का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त और परेशान है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि कनाडा सरकार आतंकवाद पर नियंत्रण रखने की अपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी भली-भांति निभाए।

## संपादकीय

# भारत-रूस रिश्ते को मजबूती

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की तीन दिवसीय रूस यात्रा दोनों देशों के रक्षा संबंधों को और मजबूती देने की दिशा में निस्संदेह बहुत उपयोगी रही. वह वहां सैन्य और सैन्य सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग के 21वें सत्र में भाग लेने गये थे. वह आइएनएस तुशिल की फ्लैग रेजिंग सेरेमनी में भी शामिल हुए, जिसे काफी पहले भारतीय नौसेना में शामिल होना था, लेकिन कोविड, वैश्विक आपूर्ति शृंखला में रुकावट तथा रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से यह टलता रहा था. रक्षा मंत्री ने वहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विभिन्न मुद्दों पर उनसे बात की.

पुतिन से उनका यह कहना मायने रखता था कि भारत और रूस के बीच मित्रता सबसे ऊंचे पर्वत से भी ऊंची और सबसे गहरे महासागर से भी गहरी है. उन्होंने रूसी राष्ट्रपति को यह भी बताया कि भारत पर सार्वजनिक और निजी तौर पर कई तरह के दबाव हैं, इसके बावजूद वह हमेशा अपने रूसी मित्र के साथ खड़ा रहा और भविष्य में भी खड़ा रहेगा. रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच उनके इस बयान का महत्व है. दोनों ने इस पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच साझेदारी में अत्यधिक संभावनाएं हैं और साझा प्रयासों से शानदार नतीजे हासिल किये जा सकते हैं. उनका यह भी कहना था कि दोनों देशों के बीच जी-20, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग बढ़ रहा है.

राजनाथ सिंह ने रूसी रक्षा मंत्री आंद्रे बेलासोव से रक्षा मुद्दों पर व्यापक बातचीत की और सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली 'एस-400 ट्रंफ' की शेष दो यूनिटों की आपूर्ति जल्दी करने का दबाव भी डाला. यूक्रेन से युद्ध के चलते भारत को दी जाने वाली इन दो यूनिटों की आपूर्ति में विलंब हुआ है. रक्षा मंत्री ने विभिन्न मिलिट्री हार्डवेयर के निर्माण के क्षेत्र में भारत में असीम संभावनाओं की जानकारी दी. रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अपने एक बयान में कहा है कि रूस और भारत के बीच आपसी सम्मान पर आधारित एक मजबूत और पुरानी दोस्ती है.

इसमें यह भी कहा गया कि जुलाई में मास्को में राष्ट्रपति पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी की हुई बैठक और अक्तूबर में कजान में आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकातों के परिणामस्वरूप विशेष रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है, जिसमें रक्षा क्षेत्र भी शामिल है. राजनाथ सिंह की इस यात्रा का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आपसी संबंध को और मजबूत बनाना था, जिसमें वह सफल रहे.

## चिंतन-मनन

# सम्मान पाने के लिए मर्यादा का पालन जरूरी

संसार में भगवान राम मयार्दा पुरूषोत्तम के रूप में पूजे जाते हैं। इसका कारण यह है कि इन्होंने अपने जीवन में हर रिश्ते के साथ न्याय किया। इन्होंने कभी भी बड़ा होने का अभिमान नहीं दिखाया। इन्होंने छोटे भाइयों को सम्मान दिया और सदैव माता-पिता के आज्ञाकारी रहे। पत्नी की सुरक्षा के लिए रावण से लड़े और राजा के रूप में जनता को महत्व दिया। लेकिन जब कोई व्यक्ति अपनी मयार्दा की सीमा रेखा को तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करता है तभी विवाद और क्लेश उत्पन्न होता है। वर्तमान समय में कई ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं कि बेटे ने पिता को घर से बाहर निकाल दिया। बेटे ने बाप की संपत्ति हड़प ली। ससुर का अपनी बहू से अनैतिक संबंध है और भाई ने बहन का अपमान किया। जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो मयार्दा का हनन होता है। संसार में रिश्तों की डोर का निर्माण मयार्दा की रक्षा के लिए किया गया था। यही सामाजिक जीवन का आधार भी है।

जब कोई मायार्दा का उल्लंघन करता है तब सामाजिक व्यवस्था बिगडने लगती है और मयार्दा का उल्लंघन करने वाला और मयार्दा का हनन होने वाला दोनों ही अपमानित होता है। जब कोई किसी के साथ अमर्यादित व्यवहार करता है तो उसे भी अमार्यादित व्यवहार ही प्राप्त होता है। उदाहरण के तौर पर गंगा नदी जब तक अपनी सीमा में प्रवाहित होती है उसे माता का दर्जा प्राप्त होता है, लोग इसकी आरती उतारते हैं। लेकिन जब अपनी मयार्दा का उल्लंघन करके तटों को तोड़कर आगे बढ़ती है तब गंगा आदरणीय नहीं रह जाती है। नाले के जल में मिलकर गंगाजल गंदाजल कहलाने लगता है।

# विजय दिवस : पराक्रमी भारतीय सेना का साहस



हेमेन्द्र क्षीरसागर

भारत ने पाकिस्तानी सत्ता और सेना के अत्याचार से पीड़ित पूर्वी पाकिस्तान की जनता को अपना सहयोग देकर बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 1971 का युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच एक सैन्य संघर्ष था जिसमें पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। इसका आरंभ पश्चिमी पाकिस्तान और तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के बीच सशस्त्र संघर्ष के बीच 3 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान द्वारा भारतीय वायुसेना के 11 स्टेशनों पर रिक्तिपूर्व हवाई हमले किए जाने के परिणामस्वरूप भारतीय सेना पूर्वी पाकिस्तान में बांग्लादेश स्वतंत्रता संग्राम में बंगाली राष्ट्रवादी गुटों के समर्थन देने के निर्णय के कारण हुआ। जिसमें पाकिस्तान को अप्रत्याशित पराजय का सामना करना पड़ा। इसमें भारतीय सेना द्वारा 93 हजार पाकिस्तानी सैनिक बंदी बना लिए गए और पूर्वी पाकिस्तान, पाकिस्तान के नियंत्रण से मुक्त होकर बांग्लादेश बन गया।



ये युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक युद्ध माना जाता है। इसीलिए देश भर में भारत की पाकिस्तान पर जीत के उपलक्ष में 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि वर्ष 1971 के युद्ध में तकरीबन 3,900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे और लगभग 9,851 घायल हुए। युद्ध के 8 महीने बाद अगस्त 1972 में भारत और पाकिस्तान ने शिमला समझौता 1972 किया। इसके अंतर्गत बंदी बनाए गए पाकिस्तानी सैनिकों को वापस पाकिस्तान भेज दिया गया था।

भारत की पराक्रमी सेना के साहस ने पाकिस्तान की सेना के 97,368 सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए विवश किया। इस गौरवशाली दिवस पर स्वयं सेवकों के बल और सामर्थ्य में वृद्धि करने हेतु संघ प्रतिवर्ष 16 दिसम्बर को प्रहार महायज्ञ का आयोजन करता है। इस दिन स्वयंसेवकों को यह स्मरण दिलाया जाता है कि महाराणा प्रताप की भुजाओं में इतना बल था कि उन्होंने तलवार के एक ही वार से बहलोल खान को जिरह-बख्तर, घोड़े सहित काट डाला। रानी दुर्गावती युद्ध के मैदान में घोड़े की लगाम मुँह में थाम कर दोनों हाथों में तलवार लेकर उतरी थीं और शत्रुओं को नाकों चने चबवा दिए। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी तलवार के बल पर आदिलशाही और मुगलशाही से टक्कर लेते हुए हिन्दू साम्राज्य की स्थापना की थी। हम उन्हीं महान पूर्वजों के वंशज हैं। हमारी भुजाओं में वैसा ही बल चिर स्थाई रहे, हम क्षमतावान बने रहें।

# एक साथ चुनाव से सशक्त बनेगा देश

सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा।

देश सचमुच बदल रहा है। न सिर्फ बदल रहा है, बल्कि शक्तिशाली हो रहा है। लोकतंत्र सशक्त हो रहा है। वैश्विक स्तर पर देश का मान बढ़ रहा है। देश में आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता आई है। अभी जिस समय देश संविधान अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने का उत्सव मना रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय किया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ह्यएक देश, एक चुनावह्न के लिए बनाए गए दो विधेयक को मंजूरी दे दी है। संसद के शीतकालीन सत्र में इसके लिए सरकार दो विधेयक पेश करेगी। इनके जरिए संविधान के अनुच्छेद 82ए, 83, 172 और 327 में संशोधन का प्रस्ताव रखा जाएगा। इससे लोकसभा और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने और लोकसभा व सभी विधानसभाओं के कार्यकाल से जुड़े जरूरी बदलाव किए जाएंगे। केंद्र सरकार ने इससे पहले सितंबर में पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट मंजूर कर ली थी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर ये विधेयक तैयार किए गए हैं।

श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श किया था। उनकी समिति के सामने अनेक विपक्षी पार्टियों ने सारे चुनाव एक साथ कराने के प्रस्ताव का विरोध किया था, लेकिन ज्यादातर पार्टियां इस विचार के समर्थन में थीं। चुनाव आयोग और आम लोगों से भी समिति ने राय ली थी। इसके बावजूद सरकार अपने संपूर्ण बहुमत के दम पर एकतरफा तरीके से इन विधेयकों को नहीं पास कराने जा रही है। सरकार इस मामले में आम राय बनाने का प्रयास कर रही है। इसलिए संविधान संशोधन के विधेयक पेश करने के बाद उसे संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी को भेजा जा सकता है, जहां सभी पार्टियों के सांसद इस पर विचार करेंगे। यह समिति सभी संबंधित पक्षों से सलाह मशविरा करेगी और आम लोगों की राय भी लेगी। उसके बाद सहमति बना कर इसे पास कराया जाएगा। वैसे सरकार जब चाहती तब इसे पास करा सकती थी क्योंकि ये साधारण संशोधन हैं, जिनके लिए संसद में साधारण बहुमत की जरुरत है और राज्यों की विधानसभा से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। फिर भी सरकार आम सहमति का रास्ता अपनाएगी।

जिस समय श्री रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति बनाई गई थी तभी से इसे लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। विपक्ष पूछ रहा है कि इसका क्रियान्वयन कैसे होगा? अगर 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ सभी राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव कराने हैं तो अगले चार साल में होने वाले विधानसभा चुनावों का क्या होगा? यह भी पूछा जा रहा है कि अगर लोकसभा और सभी विधानसभाओं का कार्यकाल तय कर दिया जाएगा तो बीच में सरकार ने बहुमत गंवाया या सरकार गिरी तब क्या होगा? क्या वहां राष्ट्रपति शासन लगा रहेगा और अगले लोकसभा चुनाव के साथ ही वहां चुनाव होगा? वैसे इन सभी सवालों का जवाब सरकार की ओर से प्रस्तावित विधेयक में मिल जाएगा। परंतु अगर राजनीतिक पूर्वाग्रह छोड़ दें तो इन सवालों के जवाब बहुत मुश्किल नहीं हैं। कुछ विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ा कर और कुछ के कार्यकाल घटा कर सभी विधानसभाओं के चुनाव लोकसभा के साथ कराए जा सकते हैं।

जहां तक बीच में सरकार गिरने का सवाल है तो पिछले काफी समय से मध्यावधि चुनाव का चलन समाप्त हो गया है। पिछले एक दशक से ज्यादा समय से दिल्ली के एक अपवाद को छोड़ दें तो किसी राज्य में मध्यावधि चुनाव की नौबत नहीं आई है। यह लोकतंत्र की परिपक्वता का प्रतीक है। फिर भी इस संभावना को देखते हुए सकारात्मक अविश्वास प्रस्ताव का प्रावधान किया जा सकता है। यानी सरकार गिरने के साथ ही नई सरकार बनाने का प्रस्ताव भी रखा जाए। इसके बावजूद अगर कहीं सरकार गिरती है और नई सरकार नहीं बनती है तो वहां बचे हुए कार्यकाल के लिए चुनाव कराया जा सकता है। अगर इतने बड़े ऐतिहासिक निर्णय पर अमल करना है तो छोटे छोटे कुछ अपवाद बनाने होंगे।

विपक्ष की ओर से पहले दिन से इस प्रस्ताव का विरोध किया जा रहा है। विपक्ष का विरोध सिर्फ इस कारण से है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसका प्रस्ताव किया है। विपक्ष को सरकार के हर प्रस्ताव और हर अच्छी पहल का विरोध करना है इसलिए वह विरोध कर रही है। विरोध में विपक्ष की ओर से ऐसे तर्क दिए जा रहे हैं, जिनसे खुद ही विपक्षी पार्टियां कठघरे में खड़ी होती हैं। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां लोकसभा के साथ सभी राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव को लोकतंत्र विरोधी बता रही हैं। प्रश्न है कि पूरे देश में एक साथ चुनाव कराना लोकतंत्र विरोधी कैसे है और अगर यह लोकतंत्र विरोधी है तो स्वतंत्रता के बाद करीब 20 साल तक चार लोकसभा चुनाव और सभी विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कैसे हुए?

क्या देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और कांग्रेस के दूसरे नेता लोकतंत्र विरोधी कार्य कर रहे थे? ध्यान रहे आजादी के बाद 1952 में हुए पहले चुनाव से लेकर 1967 के चौथे चुनाव तक देश के सारे चुनाव एक साथ होते थे। उस समय भी अगर कांग्रेस पार्टी ने अपनी संविधान विरोधी सोच में गैर कांग्रेसी राज्य सरकारों को बरखास्त करना नहीं शुरू किया होता तो आगे भी एक साथ चुनाव की प्रक्रिया चलती रहती। लेकिन कांग्रेस को बरदाश्त नहीं हुआ कि राज्यों में उसको हरा कर गैर कांग्रेसी सरकारें कैसे बन गई हैं। सो, उसने अनुच्छेद 356 का दुरुपयोग करके उन सरकारों को बरखास्त किया, जिसकी वजह से एक साथ चुनाव का चक्र टूट गया। उसके बाद गठबंधन की राजनीति के दौर में केंद्र में और राज्यों में भी एक के बाद एक मध्यावधि चुनाव हुए। कहने की जरुरत नहीं है कि नब्बे के दशक का वह दौर देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिए सबसे खराब दौर रहा।

देश उस दौर से निकल आया है। अब राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता है और देश प्रगति के रास्ते पर अग्रसर है। इसलिए अब उससे और आगे बढ़ने की जरुरत है। देश की अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अगला चरण सभी चुनाव एक साथ कराने का है। ध्यान रहे भारत में चुनावों का ऐसा चक्र बना हुआ है कि हर साल कहीं न कहीं चुनाव होते हैं। इस साल लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए और उसके बाद छह महीने में चार और राज्यों के चुनाव हो चुके हैं। अगले साल यानी 2025 में दो राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल 2026 में छह राज्यों के चुनाव हैं। उसके अगले साल भी छह राज्यों के चुनाव होने हैं।

इसी तरह साल दर साल चुनाव चलते रहते हैं और चुनाव भले किसी छोटे राज्य का हो लेकिन उस पर राष्ट्रीय दृष्टि लगी रहती है। लोग भी उसमें व्यस्त रहते हैं और विकास के कामकाज या तो ठप्प रहते हैं या उनकी रफ्तार धीमी हो जाती है। राजनीतिक दल संगठनात्मक कार्यों और आम नागरिकों का राजनीतिक, सामाजिक प्रशिक्षण करने की बजाय चुनावों में व्यस्त रहते हैं तो सरकारें सकारात्मक व टिकाऊ विकास के कार्यों की बजाय लोक लुभावन कार्यों में व्यस्त रहती हैं। एक साथ चुनावों के जरिए हर समय चलने वाले चुनावों पर विराम लगाया जा सकेगा और सरकारें टिकाऊ विकास के प्रति ज्यादा समर्पण के साथ काम कर सकेंगी। सरकार जो विधेयक ला रही है उसके मुताबिक लोकसभा के साथ सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव होंगे और उसके एक सौ दिन के अंदर सभी स्थानीय निकायों के चुनाव हो जाएंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि हमेशा चलने वाले चुनावों पर विराम लग जाएगा। सरकारों का ध्यान विकास कार्यों की ओर होगा। आचार संहिता की वजह से विकास कार्य ठप्प नहीं होंगे। और सबसे ऊपर हर बार चुनाव में होने वाले बेहिसाब खर्चों पर लगाम लगेगी। चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक दलों का चुनावों पर बेहिसाब खर्च होता है। एक साथ चुनाव से इन खर्चों में कटौती होगी। सुरक्षा बलों को भी लगातार इस राज्य से उस राज्य तक यात्रा करनी पड़ती है। आम लोगों का ध्यान भी चुनाव पर लगा रहता है। यह सब कुछ एक निर्णय से बदल जाएगा। तभी एक साथ चुनाव कराने का निर्णय ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2014 के बाद से देश बदलने वाले जो ऐतिहासिक निर्णय किए हैं यह भी उसी कड़ी का एक महान निर्णय है।

**-एस. सुनील**

# पर्यटकों को आकर्षित करता है टाटीझरिया का सिझुआ झरना , बोधा डेम , सिवाने नदी और कारी चट्टान धाम

## खूबसूरत झरना, अप्रोच रोड की कमी से नहीं आ पाते लोग, 40 मीटर की ऊंचाई

**महेश अग्रवाल**

**टाटीझरिया** - खूबसूरत वादियों से घिरे इस प्रदेश के अनेक पर्यटन स्थल अभी भी गुमनामी के शिकार हैं। ऐसे स्थल न तो सरकार के पर्यटन नक्शे में कहीं दर्ज है और न ही सैलानियों को उनके बारे में जानकारी है। ऐसा ही एक पर्यटन स्थल टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत खैरा पंचायत के सिमरा ढाब के सिझुवा जंगल में पहाड़ी नदी पर खूबसूरत झरना है। लगभग 40 फीट की ऊंचाई से पानी कई स्टेप में नीचे पहुंचता है। एक ही स्थान पर कई झरने बन गए हैं। पानी स्वच्छ है। झरना के चारों तरफ साल बहुल जंगल है। यहां तक पहुंचने के लिए ढ़ाई किलोमीटर पैदल रास्ता है। इस रास्ते में मोटर साइकिल मुश्किल से दो किलोमीटर तक जाती है। इसके बाद पैदल ही जाया जा सकता है। यह धर धरवा नदी पर स्थित है। पहुंच पथ नहीं बनने से लोग नहीं जा पाते हैं। और झरपो में कारी चट्टान धाम ,बोधा डेम और सिवाने नदी पिकनिक और पर्यटन के लिए नव वर्ष 2025 के स्वागत के लिए तैयार हैं



### कैसे पहुंचे झरना तक

हजारीबाग से विष्णुगढ़ जानेवाली एनएच 100 पर स्थित झरपो गेट से लगभग 11 किलोमीटर व टाटीझरिया प्रखंड मुख्यालय से करीब 18 किमी की दूरी पर है। हजारीबाग मुख्यालय से लगभग 42 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। एनएच से झरपो होते हुए नारायणपुर से सिमरा ढाब जाने का रास्ता है। सिमरा ढाब तक ही चार पहिया वाहन से लगभग चार किलोमीटर जाता है। इसके बाद बाइक या पैदल जाना होगा।

### पश्चिमी वन प्रमंडल में है झरना

सिमरा ढाब का सिझुवा जंगल पश्चिमी वन प्रमंडल हजारीबाग के अधीन है। जंगल में रास्ते का निर्माण करने का अधिकार वन विभाग को है। दूसरे सरकारी विभाग अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद ही सड़क को का निर्माण किया जा सकता है। वन विभाग झरना तक पहुंचने के लिए वन विभाग मोरम पथ का निर्माण विभागीय योजना से करा सकता है। सिमरा ढाब एक दशक पूर्व तक उग्रवादी गतिविधियों के लिए सुर्खियों में रहता था।

## माँ अन्नपूर्णा की आराधना से अन्न धन की प्राप्ति होती है - रौशन लाल चौधरी



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता बड़कागाँव** - बडकागांव प्रखंड के ग्राम लंगातु में माँ अन्नपूर्णा जी की वार्षिक पूजा के अवसर पर शनिवार को विधायक रोशनलाल चौधरी तथा सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा ने सँयुक्त रूप से माँ अन्नपूर्णा की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि व अन्न धन की कामना की। इस मौके पर गांव वालों ने विधायक रौशन लाल चौधरी का चुनाव जीतने की खुशी में स्वागत किया।वहीं अपने गांव में पहुँचे सांसद प्रतिनिधि मनोनीत होने पर अनिल मिश्रा का भी गाजेबाजे के साथ स्वागत किया गया।दोनों ने अपने संबोधन में कहा कि लोकसभा क्षेत्र में यही एक गांव लगातु है जहाँ माँ अन्नपूर्णा जी की हर वर्ष पूजा होती है। माँ का आराधन जो भी भक्त सच्चे मन से करता है उसे अन्न धन की जीवन पर्यंत कमी नही होती है। इस अवसर पर ग्रामीणों ने गांव की समस्या भी रखी जिसे हर सम्भव समाधान करने का विधायक ने आश्वासन भी दिया।

## पारस हॉस्पिटल एवं रोटरी क्लब ने मधुबन धर्मशाला में आयोजित किया एकदिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हज़ारीबाग़** - शहर के मधुबन धर्मशाला में पारस हॉस्पिटल रांची और रोटरी क्लब के संयुक्त प्रयास से एकदिवसीय हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक का आयोजन मंडली द्वारा गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पारस हॉस्पिटल के प्रतिनिधि आयुष कुमार ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज कराई और कैंप की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कैंप में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं, जिनमें रक्तचाप जांच, शुगर जांच, नेत्र परीक्षण, हड्डी व जोड़ रोग परामर्श, और अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच शामिल थीं। हेल्थ चेकअप कैंप में हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने रोगियों को निशुल्क परामर्श दिया और आवश्यकतानुसार उपचार के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता प्रदान करना था।

## भाजपा का संगठन महापर्व 2024 का सदस्यता अभियान कार्यशाला एवं जिले के नवनिर्वाचित विधायकों का अभिनंदन समारोह संपन्न




**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हज़ारीबाग़** - भारतीय जनता पार्टी पूरे झारखंड प्रदेश में संगठक महापर्व 2024 -30 का सदस्यता अभियान चला रही है। इसी के तहत में हजारीबाग जिले के सनो वेली नगर परिषद हॉल में सदस्यता अभियान कार्यशाला हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा की गई एवं संचालन जिला संयोजक दामोदर सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रुप से हजारीबाग जिला प्रभारी के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य शाहु द्वारा जिले के सभी 26 मंडलों से आए कार्यकर्ताओं को इनका मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।हजारीबाग जिले में 500000 सदस्य अभियान के तहत सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है । जिले के कार्यशाला के बाद मंडलों में 18 एवं 19 दिसंबर 2024 तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर कार्यशाला कर ली जानी है। मंडल कार्यशाला को संपन्न करवाने हेतु जिले की ओर से मंडल प्रभारी की भी नियुक्ति की गई है। कार्यशाला में बूथ स्तर से मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष ,प्रदेश पदाधिकारी , प्रदेश कार्य समिति सदस्य ,सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक ,को भी सदस्यता बनाने का एक लक्ष्य दिया गया है। हजारीबाग जिले के भाजपा के नव निर्वाचित चारों विधायकों मनोज कुमार यादव, अमित कुमार यादव, प्रदीप प्रसाद एवं रोशन लाल चौधरी को कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मानित किया गया। सभी विधायकों द्वारा अपने कार्यकर्ताओं को चुनाव में सहयोग देने हेतु आभार व्यक्त करते हुए आगे हर सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिलाए।

## कैथोलिक सभा कर क्रिसमस गैदरिंग का चर्च परिसर में हुआ भव्य आयोजन



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ कैथोलिक चर्च में कैथोलिक सभा, महिला संघ, युवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में क्रिसमस गैदरिंग का भव्य आयोजन चर्च परिसर में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बिशप आनंद जोजो के द्वारा चरनी की अशीष के साथ किया गया। गरिमामय उपस्थिति पल्ली पुरोहित फादर अंटोनी, फादर रेमण्ड की रही ।

## प्रो. डॉ. मो. तनवीर यूनुस व डॉ. मो. अरसाद अंसारी द्वारा लिखित पुस्तक का किया विमोचन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हज़ारीबाग़** - प्रो. डॉ. मो. तनवीर यूनुस और डॉ. मो. अरसाद अंसारी द्वारा लिखित यह पुस्तक भारतीय शिक्षक शिक्षा प्रणाली के वर्तमान परिदृश्य, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य और भविष्य की संभावनाओं का गहन अध्ययन प्रस्तुत करती है। एक सौ छियासी पन्नों की यह पुस्तक जिसमे कुल 10 अध्याय है, शिक्षक प्रशिक्षण के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझने और उनकी समस्याओं व समाधान का विस्तृत विश्लेषण करती है। पुस्तक का पहला अध्याय शिक्षक शिक्षा की बुनियादी परिभाषा और महत्व को समझाने पर केंद्रित है। इसमें शिक्षकों की भूमिका, उनके प्रशिक्षण की आवश्यकता और इसकी प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया है। वहीँ दुसरे अध्याय में भारतीय शिक्षक शिक्षा प्रणाली के विकास का ऐतिहासिक विश्लेषण है, जो प्राचीन भारत से लेकर वर्तमान समय तक शिक्षक शिक्षा में आए बदलावों को दर्शाता है। जबकि तीसरे अध्याय में लेखक ने तकनीकी प्रगति और डिजिटल युग में शिक्षक शिक्षा में हुए परिवर्तनों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। ऑनलाइन शिक्षा, नवीन शिक्षण विधियों और डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग का विश्लेषण करते हुए यह अध्याय भविष्य की संभावनाओं की ओर इशारा करता है। इसी प्रकार चौथे अध्याय में शिक्षा प्रणाली की समस्याओं, जैसे प्रशिक्षकों की कमी, संसाधनों का अभाव और नीतिगत असमानताओं को गहराई से समझाया गया है। पुस्तक के अन्य अध्याय, जैसे अध्यापक शिक्षा पाठ्यक्रम, शिक्षक प्रशिक्षण में पाठ्यक्रम के महत्व और शिक्षण को पेशे के रूप में विकसित करने पर केंद्रित हैं। पाठ्यक्रम को कैसे समकालीन जरूरतों के अनुसार तैयार किया जा सकता है

## कटकमसांडी, बाझा में पैक्स धान अधिप्राप्ति केन्द्र और बलबल कुंड अधिप्राप्ति केंद्र एवं आराभुसाई धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ उद्घाटन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**कटकमसांडी** - सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के बाझा गांव में प्राथमिक कृषि साख समिति (पैक्स)धान अधिप्राप्ति केन्द्र और बलबल अधिप्राप्ति केंद्र और आरभूषाई धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण, किसान, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पंचायत समिति के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पैक्स की भूमिका, महत्व और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

पैक्स का उद्देश्य किसानों और ग्रामीण समुदाय को सशक्त बनाना है। इसके तहत किसानों को उन्नत कृषि उपकरण, बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य सुविधाएं रियायती दर पर उपलब्ध होंगी। साथ



ही समय पर कृषि ऋष्ठ और उत्पाद के भंडारण व विपणन की सुविधा भी दी जाएगी।

श्री प्रसाद ने कहा की आज का दिन बाझा और कटकमसांडी एवं आराभुसाई इन तीनों पैक्सौं के आसपास के ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक पल है। यह पैक्स न केवल कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि किसानों के सपनों को साकार करने का एक प्रमुख साधन बनेगा। श्री मिश्रा ने बताया कि हमारी प्राथमिकता है कि हर किसान आत्मनिर्भर बने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो। इसके माध्यम से किसानों को न केवल बेहतर संसाधन मिलेंगे, बल्कि वे अपने उत्पादों को बाजार में बेहतर कीमत पर बेच सकेंगे। सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे, यही हमारा लक्ष्य है। मैं सभी किसानों से अपील करता हूं कि इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाएं और अपने जीवन स्तर को बेहतर बनाएं। विधायक ने अपने संबोधन में इस बात पर भी जोर दिया कि केंद्र सरकार ग्रामीणों के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक रूप से शरीर का पूरा जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है - डॉ प्रवीण श्रीनिवास

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**हजारीबाग** - हज़ारीबाग़ शहर के गांधी मैदान में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने दिन रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच मुफ्त किया गया। इसमें 65 से अधिक जरूरतमंदों ने सुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। जरूरतमंदों लोगों ने बताया कि सप्ताहिक छुट्टी रविवार के दिन पब्लिक पलेस में इस प्रकार की जांच से आमजन में काफी राहत पहूंचेगा। गंभीर बिमारियों का पूर्वत जानकारी होने से गंभीर बीमारियों से बचाव एवं राहत मिलेगा। ज्ञात हो कि श्रीनिवास डायग्नोस्टिक रविन्द्र पथ मिशन रोड स्थित मिशन होस्पिटल के



परिसर में सेवारत है। जिसमें शरीर पूरा जांच आधुनिक तरीके एवं किफायती दर पर उपलब्ध है। पूरा शरीर का जांच में सीबीसी, थायराइड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, वसा प्रालेख एचबीए, आरबीएस, इलेक्ट्रोलाइट, विटामिन-डी, विटामिन बी, ई.सी.जी यूएसजीडब्ल्यू, छाती का एक्स-रे एवं मुत्र का जांच सहित कई जांच के अलावे निशुल्क डॉक्टर्स परामर्श भी उपलब्ध है।

मौके पर श्रीनिवास डायग्नोस्टिक संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि सुगर की बिमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में सुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं। ताकि समय से पूर्व सुगर एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी का उपचार कराकर घातक एंव गंभीर बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक रूप से पूरा शरीर जांच उपलब्ध करना हमारी प्राथमिकता है।

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने प्रखंड में 11 धान क्रय केंद्रों का उद्घाटन किया



### किसानों से 250 रुपया क्विंटल धान की खरीदारी की जाएगी एवं प्रोत्साहन के रूप में प्रति क्विंटल 100 रुपया बोनस दिया जाएगा

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**बड़कागांव** - बड़कागांव प्रखंड के पंचायत में 11 धान क्रय केंद्रों का शुभारंभ रविवार को किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक रोशन लाल चौधरी ने निर्धारित धान क्रय केंद्रों में जाकर विधिवत उद्घाटन किया । बड़कागांव पश्चिमी पंचायत पैक्स भवन में पूर्व पैक्स अध्यक्ष उमेश महतो एवं नयाटांड़ धान क्रय केंद्र में पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व के नेतृत्व में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन रोशन लाल चौधरी के हाथों फीता काटकर किया गया। किसानों को जानकारी दी गई की ?2300 क्विंटल धान की खरीदारी की जाएगी इसके अलावा किसानों को प्रति क्विंटल ?100 प्रोत्साहन के रूप में बोनस राशि भी दिया जाएगा।

## अखिल भारतीय पासी समाज हजारीबाग की बैठक झील परिसर में संपन्न



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता हज़ारीबाग़** - अखिल भारतीय पासी समाज हजारीबाग की बैठक हजारीबाग झील परिसर में जिला अध्यक्ष विजय कुमार चौधरी के नेतृत्व में की गई । इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी की जयंती मनाई जाएगी । जिसमें सभी सदस्यों को आने के लिए आमंत्रित किया गया, साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जनवरी या फरवरी माह 2025 में वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौधरी, लालदेव चौधरी ,डॉक्टर शंकर चौधरी ,महेंद्र चौधरी ,सूबेदार चौधरी ,जय प्रवेश चौधरी ,विपुल चौधरी ,रामकिशोर चौधरी ,भूषण चौधरी शामिल थे।

## दादपुर पैक्स धान क्रय केंद्र व कॉपरेटिव बैंक के 25 वां साल गिरह का विधायक ने किया उद्घाटन

**रांची एक्सप्रेस संवाददाता**

**चौपारण** - प्रखण्ड में रविवार से धान की खरीदारी सरकारी दर पर शुरू हो गई। प्रखण्ड के दादपुर पैक्स धान क्रय केंद्र व दादपुर कॉपरेटिव बैंक के 25 वां साल गिरह का विधिवत उद्घाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काट कर की। कार्यक्रम का संचालन पैक्स प्रबंधक अरबिंद सिन्हा ने की। इससे पहले कार्यक्रम में दादपुर पैक्स व बैंक प्रबंधक अरबिंद सिन्हा,पैक्स अध्यक्ष रंजीत सिंह, बैंक स्टाफ बिरेन्द्र शर्मा व सेवक सिंह ने संयुक्त रूप से बरही विधायक मनोज कुमार यादव का बुके व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उसके बाद विधायक श्री यादव ने बैंक के 25 वां साल गिरह पर केक भी काटा। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने किसानों से अपने परिश्रम से उगाए गए धान को धान क्रय केंद्र में ही बेचने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि किसान औने पौने दाम में अपने धान दलालों के पास न बेचें। धान के लिए 50 प्रतिशत राशि का भुगतान भी बहुत जल्द होगा। उन्होंने कहा कि किसानों से जुड़ी हर समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। किसान को पैक्स के माध्यम से बहुत सुवीधा मिलती है। वर्तमान नरेंद्र मोदी व अमित शाह के नेतृत्व में किसान



भाइयों के तरक्की के लिए खाद,बीज,कोल्ड स्टोरेज सहित कई योजना भारत सरकार द्वारा उपलब्ध की जा रही है। वहीं बैंक के 25 वां साल गिरह के सफल संचालन को लेकर सभी बैंक के स्टाफ का गुणगान व शुभकामनाएं दी। मौके पर मुखीया जानकी यादव,अरबिंद सिन्हा,रंजीत सिंह,महेश्वरी मेहता,राजदेव यादव,रामस्वरूप पासवान, विकास यादव,पूर्व मुखिया मो सफाउद्दीन,बलराम दांगी, जन्मजेय सिंह , ईश्वर सिंह,आशीष सिंह,जितेंद्र सिंह, पंचायत संयोजक इंद्रेदेव दांगी, राकेश पांडेय,रामचन्द रजक,कामदेव प्रजापति, रूपेश सिंह,शेखर सिन्हा,कृष्णा सिंह, सुमन सिंह,नवीन सिंह,सियाराम सिंह,नर्सिंग नायक,कैलाश दांगी,मोहन दांगी,अनुज सिन्हा,बिंदेश्वर शर्मा,प्रेम पासवान,मनोज कुमार,पंकज दांगी,मुकेश दांगी,अंकित सिंह,मो कलीम उद्दीन,अशोक केशरी,मो निसार, मो रिजवान सहित सैकड़ों लोग उपस्तिथ थे।

## बाघमारा पोलो ग्राउंड मे टी 10 किक्रेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**बाघमारा।** बाघमारा पोलो ग्राउंड मे ( टी ड्ड10 ) किक्रेट टूर्नामेंट का शुभारंभ झारखंड लोंग टेनिस के पुर्व चैम्पियन कंचन सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। इस दौरान कंचन सिंह ने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर किया। खेल के प्रथम दिन मुराईडीह 11 वर्सेस टाइगर क्लब बाघमारा के बीच हुआ। जिसमें मुराईडीह 11 की टीम विजेता रही।टीम में झंटू यादव को मैन ऑफ द मैच दिया गया। दूसरा मैच कमल क्लब वर्सेस बक्सपुरा क्लब के साथ हुआ जिसमें कमल क्लब की ओर से 10 ओवर में 78 रन बना था उसे रन का पीछा करते हुए बक्सपुरा क्लब की ओर से मिस्टर सोमेन ने शानदार बल्लेबाजी कर टिम को विजय दिलाई। मौके पर मुख्य रूप से आयोजक समिति के सत्यनारायण पाण्डेय अध्यक्ष विक्की लाल संजय यादव शिव शंकर कंचन सिंह गोपाल सिंह नवीन चौहान अशोक कुमार सनी वर्मा मनोज पांडे आनंद शर्मा अक्षय पांडे विकी साहब शिवम पांडे जनता सब अरुण बरनवाल मुकेश करनावल डॉक्टर अमजद माखन सिंह सुरेश झा आदि मौजूद थे।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर एवं बेटिंग कर के क्रिकेट टूर्नामेंट का किया उद्घाटन



**पेटरवार**:- पेटरवार प्लस टू हाई स्कूल के खेल मैदान में रविवार को स्व- ललित प्रकाश एवं स्व-विनोद राणा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया गया। जिसका मुख्य अतिथि विधिवत उद्घाटन राज्य के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद , विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक बबीता देवी एवं जिप सदस्य प्रहलाद महतो ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर एवं बेटिंग कर के किया। इसके पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने दिवंगत महापुरुषों व दिवंगत खिलाडियों के तस्वीर पर पुष्पार्चन कर नमन किया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद को स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर किया गया। उद्घाटन मैच में पेटरवार टाइटनस ने पेटरवार सुपर किंग को चार विकेट से तीन ओवर पूर्व 96 रन को पीछा करते हुए जीत हासिल किया। वही दूसरा मैच हेल्प वारियर ने पेटरवार लीजेंड को 17 रन से पराजित किया। पेटरवार के इतिहास में पहली बार तेनु चौक के लोगों ने खेल का प्रत्यक्ष रूप से बड़े स्क्रीन में देख कर खेल का मजा लिया। ?खेल देखने के लिए मैदान में काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे। मौके पर कसमार प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी, शांति लाल जैन, बराडीह मुखिया पुष्पा देवी, अजय सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो, राकेश सेठी, गंगाधर महतो, संजय सिन्हा, ब्रजेश मिश्रा, अनिल स्वर्णकार, मो एकराम, शौकत अंसारी, हसनुल अंसारी, मंसूर आलम, मनोज महतो, मिथून महतो सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बोकारो विधायक श्वेता सिंह के नेतृत्व में होगा बोकारो का विकास -अक्षय पाण्डेय



**बोकारो**:- रविवार को बोकारो विधनसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय पाण्डेय ने बोकारो विधायक श्वेता सिंह से मिलकर उनको जीत की बधाई दी और चास नगर निगम छेत्र में हो रहे बिजली , पानी, रोड, नाली परेशानियों से अवगत कराया। विधायक श्वेता सिंह ने कहा जल्द ही समस्याओ के निदान के लिया नगर निगम के अधिकारियों से बैठक करेंगे7 मौके पर मौजूद युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष बिपिन सिंह, चास प्रखण्ड अध्यक्ष रितेश कुमार, चास नगर अध्यक्ष रजत महतो, गौतम कुमार और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता थे।

## श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो के विस्तार को लेकर हुई बैठक



**कथारा।** श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो की बैठक हरे राम यादव पूर्व मुखिया के आवश्यक कार्यालय में किया गया। बैठक में श्री कृष्ण चेतना परिषद बेरमो के विस्तार पर चर्चा किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि श्री कृष्ण चेतना परिषद के विस्तार एवं संगठन के मजबूती के लिए प्रत्येक रविवार को बैठक किया जाएगा अगली बैठक सत्येंद्र यादव के खटाल बेरमो के 3 नंबर दुर्गा मंदिर मंडप में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से छ्टू लाल यादव, कमोद प्रसाद ,भारत यादव, सत्येंद्र यादव, मंटू यादव, मेघवाल यादव सकल देव यादव सकलदीप यादव जवाहरलाल यादव, हरिराम यादव ,दिलीप यादव, दयाराम यादव ,उमाशंकर राय ,सुबोध यादव ,आदि लोग उपस्थित थे।

# युवा क्रांति मजदूर संघ की बैठक, एडक कमिटि का गठन



**चास**:- बिजुलिया हटिया मैदान मे रविवार को युवा क्रांति मजदुर संघ इलेक्ट्रो स्टील वेदांत की बैठक पंचायत समिति सदस्य मो0 रफीक आलम अंसारी की अध्यक्षता में हुई व संचालन मजदूर संजय कुंभकार ने किया। बैठक में 6 सुत्री मांगो को लेकर विचार विमर्श किया गया, तथा कंपनी को मांगपत्र सौपने के बाद आंदोलन की तैयारी मे जुटे गें। कंपनी प्रबंधन ठेका मजदुर को समान काम तथा समान वेतन (सीएलसी) लागू करे,झारखंड सरकार द्वारा पारित अधोगिक क्षेत्र में28 नवंबर 24 को मजदुरो की दर को लागू करे।लंबित पड़े जमीन दाता परिवार के आश्रित गृभांसके आधार पर की गई स्वीकृति को 15 दिनो के अंदर लागु करे।पुर्व मे बहाल किये गये रैयत मजदुरो को मां विध्यांवासिणी कंपनी द्वारा वेतन लागु किया गया उसे अविलंब पंलाट मे सभी रैयत मजदुरो को लागु किया जाय।सभी मजदुरो को नाईट एलाउंस लागु किया जाय। पंलाट में पुर्व में कार्यरत मजदुरो को हटाये गये को पुन बहाल किया जाय । स्थानीय मजदुर व बाहरी मजदुरो का वेतन समान रूप से दिया जाय????। बैठक में इलेक्ट्रो स्टील वेदांता कंपनी के अधीन कार्यरत ठेकेदार के अधीन कार्यरत मजदूरों के प्रति भेदभाव नही हो। वक्ताओं ने कहा कि जे आर एल कंपनी द्वारा बांधडीह रेलवे साईडिंग से प्रति दिन- रात को सैकडो भारी वहनो के द्वारा कोयला एंव डोलो मांईस का ट्रांसपोर्टिंग किया जा रहा है जिससे आम पब्लिक का रोड को जर्जर किया जा रहा है लोगों को काफी कठिनाई होती है ट्रांसपोर्टिंग होने से कोयला डस्ट एवं डोलोमाइंस का डस्ट रोड पर गिरते हुए एवं बिना त्रिपाल के द्वारा प्लांट ट्रांसपोर्टिंग होता है जिससे लोगों को प्रदूषण फैल रही है तथा आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है। प्रशासन द्वारा नो एंट्री का आदेश का भी पालन नहीं किया जाता है। इस पर शक्ति से कार्रवाई की जाय। नियमित प्रभावित गाँव में जल छिड़काव किया जाय। मौके पर

मजदुर नेता शेखर चौबे, पंसस रफीक अंसारी,संजय कुंभकार, भाजपा किसान मोर्चा संटु राय, पुर्व मुखिया खुदा नमाज अंसारी, नजीर अंसारी, कबीर साई, हाफिज उद्दीन अंसारी, मुस्ताक अंसारी, शब्बीर अंसारी, अल्ताफ अंसारी, खलील अंसारी ,अनादि महतो, साजन शाह, ललित हजरा ,अमित , बिलाल अंसारी ,गुलाम अंसारी, अशोक कुंभकार, गुलाम मुस्तफा, सिकंदर रजवार, प्रदीप ,कुंभकार, संदीप कुमार हाजरा, सहदेव हजरा ,सुंदर महतो, जमाल अंसारी, महेश कुमार उपाध्याय, करण कुमार, कंचन कुमार सहीत सैकड़ों रैयत मजदुर उपस्थित थे।

बैठक में एडक कमिटि गठन किया गया। रफीक आलम अंसारी, शेखर चौबे, संजय कुंभकार, संटु राय, नाजिर अंसारी, इन्द्र जीत हाजरा, अंकुश चौबे, राजु महतो, संतोष हाजरा, अशौक कुंभकार, बेहाल अंसारी शामिल है।

## आईईपीएल टेनिस बॉल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच संपन्न,गेम चेंजर ने की हासिल जीत



**गोमिया।** आईईपीएल ओरिका कंपनी द्वारा आईईएल फुटबॉल मैदान में आयोजित आईईपीएल टेनिस बॉल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 का उद्घाटन मैच रविवार को खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन गोमिया बीडीओ महदेव महतो, आईईपीएल ओरिका के जीएम अभिषेक विश्वास, एसईएस मैनेजर रागिब बेलाल साबरी, ससबेड़ा पूर्वी मुखिया अंशु कुमारी, शांति देवी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटने उपरांत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। टूर्नामेंट में क्षेत्र के 48 टीमों ने हिस्सा लिया है। उद्घाटन मैच में नो रूल्स बनाम गेम चेंजर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए नो रूल्स ने 43 रन का स्कोर खड़ा किया तो जवाबी पारी खेलते हुए गेम चेंजर 9 ओवर एक बॉल में ही 46 रन बनाकर 5 विकेट से मैच को जीत लिया।


उद्घाटन मैच पर लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि खेल खिलाड़ियों व युवाओं को जोड़ने का काम करता है तथा खेल से लोगों का मनोरंजन होता है। जीएम अभिषेक विश्वास ने कहा कि आईईपीएल ओरिका हर वर्ष खेल भावना को जागृत करने व प्रतिभा को उकेरने के लिए इस तरह के कार्यक्रम को आयोजित करती रही है और आगे भी करती रहेगी। फाइनल मैच 12 जनवरी 2025 को खेला जाएगा। इस मौके मौके पर प्रबंधन के कर्मचारियों के अलावे कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, समाजसेवी पिंटू पासवान, जीतू पांडेय, आलोक उपाध्याय सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पिकअप वैन ने टोटो को मारी टक्कर, सवारी घायल

**डुमरा**- गोमो सड़क मार्ग सायर टोला के के समीप रविवार को सब्जी लदा बीआर 01जीजे 4904 नंबर पिकअप वैन तथा जेएच10सीआर 3967 नंबर की टोटो की टक्कर से टोटो चालक खरखरी निवासी अफजल खान एवं टोटो में सवार हरिना निवासी शिक्षक उमेश कुमार की पत्नी नेहा देवी गंभीर रूप से घायल हो गया।सुचना पाकर बाघमारा पुलिस घटना स्थल पहुंची और घायलों को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया जहां दोनों का इलाज चल रहा है. चालक को हाथ पैर एवं माथे पर गंभीर चोट लगी है. वही महिला के पैर एवं कमर मे चोटे आयी है. बताया जाता है कि महिला अपने मयके चास जोधाडीह मोड़ से टोटो रिजर्व कर हरिना अपने ससुराल जा रही थी. इसी दौरान पिकअप वैन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. पिकअप वैन बलरामपुर से सब्जी लेकर बिहार जा रहा था. पिकअप वैन चालक जुबैर अंसारी ने पुलिस को बताया कि वैन का ब्रेक फेल हो जाने के कारण दुर्घटना घटी. पुलिस ने पिकअप वैन चालक एवं टोटो को जब्त कर लिया है।

## अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**कथारा।** शनिवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में



मेगा अपार दिवस के निमित्त अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने अपार आईडी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अभिभावकों को बताया कि अपार आईडी का अर्थ है ( ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री )अपार आईडी में भैया बहनों के शैक्षिक गतिविधियों का पूरा ब्यौरा दर्ज होगा।अपार आईडी एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स ( एबीसी ) ओर डीजी लॉकर से जुड़ा हुआ होगा।जहां भैया बहन अपने दस्तावेज जैसे परीक्षा परिणाम ओर शैक्षणिक दस्तावेजों को सुरक्षित रख सकते हैं।विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव अमित कुमार सिंह ने कहा कि अपार आईडी के निमित विद्यालय में अध्यनरत भैया बहनों के अभिभावक आईडी बनाने में विद्यालय को सहयोग करें। इस कार्यक्रम के साथ कक्षा दशम के भैया बहनों के बोर्ड परीक्षा हेतु भरे गए फॉर्म के चैक लिस्ट पर अभिभावकों का हस्ताक्षर भी लिया गए।शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## रुक नहीं रही कोयले की तस्करी

**लोयाबाद**- लोयाबाद थाना क्षेत्र के मदनाडीह रानी तालाब स्थित माड़ीगोदाम, गोपा ग्राउंड एवं सेन्द्रा 10 नंबर स्थित बस्ती से अवैध कोयला तस्कर फेसबुक एवं यूट्बर चलाने वाले से मिलकर द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध रूप से काले हीरे की तस्करी की जा रही है। बताया जाता है कि कोयला तस्कर के द्वारा पढ़ने लिखने वाले बच्चे बच्चियां से सेन्द्रा बांसजोड़ा कोलियरी रेलवे साइडिंग से जान की जोखिम मे डालकर कोयले की चोरी करवाया जाता है और रेलवे साईडिंग के झाड़ियों मे छुपाकर रखा जाता है। फिर रात के अंधेरे मे मारूति वैन ,पिकअप वाहन एवं ट्रेक्टर वाहन तथा दिन के उजाले मे मोटरसाईकिल,साईकिल से अन्यत्र टपा दिया जाता है। वही लोगो का कहना है बीसीसीएल की ओर से कोयले की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ जवान की ड्यूटी रेलवेसाइडिंग मे होने के बावजूद कोयले की चोरी धड़ल्ले से होती है। वही इस सन्दर्भ लोयाबाद पुलिस से पुछे जाने पर उन्होने कहा कि इसकी जानकारी हमे नही है।

## धान क्रय केंद्र में चौबीस सौ रुपये क्विंटल धान दे किसानः मंत्री

**गोमिया**- गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया व्यापार मंडल मे रविवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन रविवार



को झारखंड सरकार. के पेयजल स्वक्षता मंत्री सह उत्पाद मध्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया,उन्होंने कहा राज्य सरकार धान.क्रय कि कीमत 24 सौ रुपये प्रतिक्विंटल दर निर्धारित किया गया है किसान धान क्रय केन्द्र मे बिक्री कर लाभ उठाने की बात कही,उन्होंने कहा बिचौलिये भ्रमण कर औने पौने कीमत मे किसानों से की खरीदारी कर रहे है ,उससे सावधान रहने की बात कही उन्होंने कहा किसान हर हाल.मे धान अधिप्राप्ति केंद्र मे ही धान बिक्री करने की बात कही,उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि धान बिक्री के बाद जल्द पैसे की भूगतना होने की बात कही, बीडीओ महादेव कुमार महतो सीओ आफ्ताब आलम,ने भी अपने. विचार रखे ओर उन्होंने कहा ग्रामीण छेत्रो मे किसानों के बीच धान बिक्री केन्द्र मे बिक्री के लिए जागरूकता अभियान चलाने की मौके परएमओ विरेंद्र कुमार,व्यापार मंडल के अध्यक्ष रणविजय सिंह, मुखिया शांति देवी ,बंटी उरांव ,मोहम्मद रियाज ,मुमताज आलम,मोहम्मद मुस्ताक ,अमित पासवान,संतोष साव ,बद्री पासवान,पिंटू पासवान ,अनिल स्वर्णकार ,बाबूचंद बेसरा ,पूर्व मुखिया धनंजय सिंह,मो.राजू अंसारी, मो मुस्ताक,शभुं यादव,सुनील पासवान,कृष्ण दयाल सिंह, शंकर दास,रणनीति कुमार दास,मुरली रविदास,मो हबीब,राजू,चन्दन पासवान,मो असलम,राजू महतो,प्रवेज,केदार पासवान सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे,

## कथारा जीएम से मिलकर राकोमयू प्रतिनिधियों ने श्रमिकों की समस्याओ को रखने का किया काम

**कथारा।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के जीएम संजय कुमार से श्रमिक संगठन राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियम कथारा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने मिलकर श्रमिकों की समस्या और परियोजना से संबंधित जरूरत को रखने का कार्य किया। वही महाप्रबंधक कार्यालय से संबंधित मांगपत्र को भी सौपा गया। संगठन के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह ने महाप्रबंधक को जानकारी दी कि कथारा 4 नंबर पानी टंकी का मोटर पंप करीब एक महीना से खराब हैं। इससे पेयजलापूर्ति में बहुत बड़ी विकराल समस्या हो गयी हैं। इसी प्रकार



क्रिसमस के अवसर पर ईसाई परिवार से जुड़े श्रमिको के आवास का रंगारोहन, कामगारो को समय पर पदोन्नति, संवेदनशील पद पर विराजमान लोग का नियमानुसार स्थानांतरण की प्रक्रिया और बेस वर्क शाप में पानी की कमी होने से मशीनों का वाशिंग नही होने के मामले को रखने का कार्य किया। महाप्रबंधक श्रीकुमार ने प्रतिनिधियों को अश्वस्त किया कि श्रमिकों से जुडी समस्या का निपटारा और परियोजना से संबंधित जरूरतों को पूरा किया जाएगा। वही जीएम यूनिट शाखा द्वारा सौपे गए मांगपत्र पर आगामी कुछ दिनों में वार्ता करने की बात कही। इस दौरान कथारा के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार सिंह, क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष व कथारा कोलियरी शाखा के सचिव गणेश राम, कथारा कोलियरी शाखा के अध्यक्ष नागवंत प्रसाद, महाप्रबंधक कार्यालय के सचिव शक्ति सिंह, कथारा कोल वाशरी शाखा के सचिव मो मिनाजुल, जारंगडीह कोलियरी के सचिव खगेश्वर रजक, विनय राम, गणेश राम 2, देवकांत पटेल, रामराज चौहान, छोटू चौहान आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अगर तुम धर्म की रक्षा करोगे तो धर्म भी तुम्हारी रक्षा करेगा- सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज

**कतरास**:- श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिवस की शुरुआत विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई। इसके साथ ही श्री सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रों में लिखा है अगर तुम धर्म की रक्षा करोगे तो धर्म भी तुम्हारी रक्षा करेगा। जो सनातन के लिए कुछ भी बोलेगा उसको सामने से मुँह तोड़ जवाब दिया जायेगा। मनुष्य किसी को धर्मात्मा कहे या न कहे लेकिन भगवान की नज़र में मनुष्य को धर्मात्मा होना चाहिए। क्योंकि आज का मानव केवल दिखावे के लिए ही हिन्दू बन कर रह गया है। जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे, वही सच्चा सेवक है।

हर माँ बाप को अपने बच्चों को सिखाना चाहिए कि वह अपने बड़ो का सम्म्मान करें। गुरु, राजा, माता- पिता के अनुमति के बाद ही मनुष्य को अपना आसन्न ग्रहण करना चाहिए। जो भी मनुष्य अपने से श्रेष्ठ पुरुषो के सामने आसन्न पर ऊपर बैठते है उनको





जीवन में काफी दुःखों का सामना करना पड़ता है। भगवान राम की हर धर्म में पूजा होनी चाहिए।

जो व्यक्ति अपने जीवन को मानवता की सेवा में समर्पित कर दे, वही सच्चा सेवक है। मनुष्य का एक ही कर्म व धर्म है और वह है मानवता। हम इस दुनिया में इंसान बनकर आए हैं तो सिर्फ इसलिए कि हम मानव सेवा कर सकें। भगवान बार-बार धर्म की रक्षा करने के लिए धरती पर आते है तो मनुष्य को भी अपने धर्म की रक्षा करनी चाहिए। सत्संग को सुनने से मनुष्य को सत्य का बोध होता है, जिन लोगो के जीवन में सत्संग नहीं होता है उनका जीवन पत्थर के समान होता है।



भगवान ने धर्म की रक्षा सतयुग, त्रेतायुग, द्वापर युग में किया था वही भगवान कलयुग में भी धर्म की रक्षा करेंगे। संसार में मनुष्य का भगवान के सिवा कोई नहीं है इसलिए मनुष्य को भगवान की शरण में चले जाना चाहिए। इस कथा को सफल बनाने में प्रमुख परिवार किशोरी गुप्ता, कस्तूरी देवी अशोक कुमार वर्मा गीता देवी, विनय कृष्ण गुप्ता, अल्का देवी, संजय चौधरी, सुमन चौधरी , केडिया परिवार, बिजय झा शिवानी झा, अवधेश प्रसाद गुप्ता, मनिषा देवी, हिम्मत सिंह, सुमन देवी, बिकास साहू, सुशील खेतान, माया खैतान, राजेश चौखानी, संजय गुप्ता, टुटू शर्मा आदि समाज के सभी लोगों का सहयोग रहा है। बताया गया कि सोमवार को पूर्णाहुति, हवन एवं महाप्रसाद भंडारा के पश्चात कार्यक्रम की समापन होगी।

# जनता का कार्य मेरी प्राथमिकता: कुमार जयमंगल



**कथारा।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के पुनर्निर्वाचित होने तथा झारखंड विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के सचेतक बनने पर बेरमो प्रखण्ड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने रविवार को ढोरी स्थित आवास पर जाकर बधाई स्वरुप भारत जोड़ो न्याय यात्रा के प्रतीकात्मक चिन्ह अंकित गोल्डन पेन भेंट किया। इस अवसर पर कुमार जयमंगल ने कहा कि जनहित के कार्य मेरी प्राथमिकता है। बेरमो का चहुमुंखी विकास करना ही एकमात्र लक्ष्य है।आने वाले समय में सभी अधूरे कार्य को पूरा किया जाएगा। कृष्ण चांडक ने फुसरो स्थित श्री अग्रसेन भवन की जर्जर सड़क के मरम्मती की मांग की। इस पर विधायक ने शीघ्र इस पर पहल करने का आश्वासन दिया।

# झारसुगुड़ा से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए 5 जनवरी को ट्रेन प्रस्थान करेगी

**बोकारो।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा ओडिशा के झारसुगुड़ा से 7 ज्योतिर्लिंग यात्रा के लिए 5 जनवरी को ट्रेन प्रस्थान करेगी। भारत गौरव पर्यटन ट्रेन रांची, बोकारो, गया, राजगीर, बिहारशरीफ, पटना, बक्सर, पं दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन होकर रवाना होगी। इस रेलवे रुट के यात्री इस यात्रा के लिए आईआरसीटी सी की साइट पर जाकर अपनी सीट बुकिंग करा सकते है। ये जानकारी आईआरसीटीसी रांची अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी तथा आईआरसीटीसी बोकारो स्टेशन अधिकारी मंटू कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर दी। दोनों अधिकारी बोकारो रेलवे स्टेशन के आईआरसीटीसी रिफ्रेशमेंट रूम में प्रेस को संबोधित कर रहे थे।कहा कि यह यात्रा 12 दिन और 13 रात की होगी। जो 17 जनवरी को वापस लौटेगी। इसके लिए प्रति व्यक्ति को स्लीपर कोच के लिए 24330 रुपए तथा 3 एसी कोच के लिए 42655 रुपए भुगतान करना होगा। कहा कि 700 सीटें उपलब्ध है। ट्रेन में एक एसी कोच के अलावा बाकी स्लीपर कोच है। अभी तक साढ़े तीन सौ से अधिक टिकट बुकिंग हो चुका है। कहा कि यह ट्रेन बोकारो रेलवे स्टेशन पर सुबह पहुंचेगी।

**इन ज्योतिर्लिंग का दर्शन कर सकेंगे यात्री**

भारत गौरव पर्यटन ट्रेन उज्जैन (ओंकारेश्वर तथा महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग), सोमनाथ, द्वारिका (द्वारकाधीश मंदिर और नागेश्वर ज्योतिर्लिंग) भीमाशंकर, घृष्णेश्वर तथा नासिक स्थित त्रयंम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग तक जाएगी। इसके अलावा शिरडी मंदिर का भी दर्शन कराया जाएगा। टिकट बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी कार्यालय रांची रेलवे स्टेशन, बोकारो रेलवे स्टेशन आईआरसीटीसी रिफ्रेशमेंट रूम या दूरभाष नंबर 8595937711, 8757874150 पर संपर्क कर सकते है। इसके अलावा यात्रा का टिकट बनाने के लिए वेबसाइट का उपयोग भी कर सकते हैं।

**यात्रा स्थल पर होटल, बस आदि यातायात की सुविधा**

अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि यात्रियों के लिए ट्रेन के अलावा हर स्थान पर पहुंचने के लिए यातायात व्यवस्था की होगी। ठहरने के लिए होटल में एसी तथा नॉन एसी कमरा भी होगा। टूरिस्ट गाइड भी उपलब्ध कराया जाएगा। सुबह चाय, नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का खाना उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था की उपलब्ध कराई जाएगी।

# रूट्स माउंट स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**कुजू।** रूट्स माउंट एमईओ स्कूल सेवटा रांची रोड द्वारा अपने विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 3 से 10 तक के बच्चों को बिरसा मुंडा जेल पार्क रांची ले जाया गया। साथ ही बिरसा मुंडा फन पार्क में भी बच्चों ने प्रकृति की सुंदरता का अनुभव किया और विभिन्न झूलों और खेलों का आनंद लिया। शिक्षकों ने बच्चों को बिरसा मुंडा के



जीवन, उनके संघर्ष और झारखंड की संस्कृति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद बच्चों को संग्रहालय में परिवर्तित बिरसा मुंडा जेल घुमाया गया। जहां बच्चों ने बिरसा मुंडा की संघर्षमय कहानी और उनकी शहादत की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने जेल में रखे पुराने दस्तावेज, हथियार और अन्य ऐतिहासिक अवशेषों को देखा और समझा। स्कूल के निदेशक अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण न केवल बच्चों को शिक्षित करती हैं, बल्कि उन्हें इतिहास और संस्कृति से जोड़ने का भी कार्य करती हैं। इस तरह के आयोजन बच्चों के समग्र विकास में सहायक होते हैं। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के माध्यम से सीखने का अवसर देकर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों से बच्चो को परिचित कराना था। साथ ही बच्चों के मन में देश के स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान और प्रेरणा का भाव जागृत करना था। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक दिनेश प्रसाद, अनिल प्रसाद, रूपेश मिश्रा, अजहर अली, अभिषेक कुमार, शिक्षिका नेहा सिंह, कृतिका कुमारी, सीमा गोस्वामी, सीमा कुमारी, बिंदु कुमारी, अर्चना श्रीवास्तव, मंजू शर्मा, इशरत नाज, अंजली पंडा, अनिका तिवारी, सिमरन सबा, श्रृष्टि पांडे आदि का योगदान रहा।

# बेरमो विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष बने दीक्षांत कुमार



**जैनामोड़।** जैनामोड़ के तेतरियाडीह स्थित कांग्रेस कार्यालय में बेरमो विधानसभा युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष नितेश भारद्वाज की अध्यक्षता में रखी गई। बैठक का संचालन अध्यक्ष श्रीपद साहू ने किया। बैठक के दौरान बेरमो विधानसभा युवा कांग्रेस कमिटी का विस्तार किया गया। जिसमे सभी युवा कार्यकर्ताओं की मांग पर दीक्षांत कुमार उर्फ गोलू को बेरमो विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वही जिला अध्यक्ष नितेश भारद्वाज ने सभी नवमनोनित कार्यकर्ताओं को कांग्रेसी पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कर बधाई दी। इस दौरान नवमनोनित उपाध्यक्ष दीक्षांत कुमार ने बेरमो विधानसभा में हर स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की बात कही। मौके पर सर्वेश राज, फिरोज आलम, मो सकराज आलम, चंदन कुमार, संदीप कुमार साव, आशीष कुमार, राजेश कुमार मंडल, गौतम कुमार महतो, अनूप कुमार लहेरी, निकेश मरांडी, सुरेश प्रसाद हंसदा, पार्थ मंडल, श्रीकांत कुमार, मनीष राम हंसदा, मो अख्तर, भरत रजक, सूरज कुमार, अखिलेश कुमार, गोपी चंद्र, विक्रम मिश्रा, वशिष्ठ लायक, अभिनाश कुमार, मुन्ना सिंह, विजय मिश्रा, अनुराग कुमार, सूरज, राहुल, कृष्णा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला युवा उत्सव 2024-25 कार्यक्रम का डीसी ने किया उद्घाटन

चतरा, जिला स्तरीय युवा महोत्सव 2024- 25 का आयोजन रविवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में किया गया। उत्सव का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त रमेश घोलप द्वारा की गई। उक्त जानकारी जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में रहने वाले स्कूल और कॉलेजों के 15 से 29 वर्ष तक के युवा इसमें शामिल हुए। उत्सव में शामिल होने के लिए जिले के सरकारी, गैर सरकारी एवं सभी कॉलेजों को निमंत्रण पत्र भी भेजा गया था। कुल 11विभिन्न स्पर्धाओं में सफल होने वाले केवल प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी को प्रमंडल में 16 दिसंबर को होने वाले इवेंट में भेजा जाएगा। प्रमंडल के बाद राज्य स्तर पर भी स्क्रीनिंग होगी। इसमें अंतिम रूप से चयनित होने वाले को 11 जनवरी 2025 को दिल्ली भारत मंडप में होने वाले राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होने का मौका मिलेगा। 11 स्पर्धाएं में यथा सामुहिक लोकनृत्य, सामुहिक लोकगीत, एकल लोकनृत्य, एकल लोकगीत, भाषण, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, प्रनेटोग्राफी, विज्ञान मेला (एकल),विज्ञान मेला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**उपायुक्त ने संबोधन में कहा**

तू दौड़ में अव्वल आए ये कोई जरूरी नहीं, तू सबको पीछे छोड़ दे ये भी कोई जरूरी नहीं, जरूरी है तो सिर्फ और सिर्फ तेरा दौर में शामिल होना उन्होंने अपने संबोधन में पुराने दिनों को याद करते हुए कॉलेज व विद्यालय में पढ़ाई करने के दौरान आने वाली कठिनाइयों के बारे में बताया। हमलोग कभी भी किसी भी प्रतियोगिता को हार जीत में देखते है जिंदगी सिर्फ हार और जीत नहीं है। कहते है अगर आपको मंजिल के तरफ जाना है तो आपको चलते रहना होगा, आप लोग मेहनत कीजिए और चलते रहिए सफलता जरूर मिलेगी हार के डर से अपने आप को आगे बढ़ने से मत रोकिए। मेरा यह अपना मानना है कि आज हम जहां खरे हैं उसमें मेरे जो कॉलेज के दिन स्कूल के दिन थे उसमें एक्स्ट्रा प्रतियोगिता में भाग लेता था इसके कारण जो मुझे एक्स्ट्रा कॉन्फिडेंस मिला था उसका बहुत अहम रोल है। वो मैं इस लिए बोल रहा हूं कि कई बार ये होता है कि हमलोग जब भीड़ का हिस्सा होते हैं चाहे वो स्टूडेंट हो आमलोग हो उस भीड़ में हमलोग अलग है ये पहचान जब हो जाती है या हमारे किसी गुणवत्ता के कारण मिल जाती है तो आदमी का आत्मविश्वास धीरे धीरे बढ़ता जाता है। तू दौड़ में अव्वल आए ये कोई जरूरी नहीं, तू सबको पीछे छोड़ दे ये भी कोई जरूरी नहीं, जरूरी है तो सिर्फ और सिर्फ तेरा दौर में शामिल होना, जरूरी है तेरा फिर से गिर कर खड़ा होना, जिंदगी में इम्तहान बहुत होंगे, जो तेरे आज आगे हैं कल तेरे पीछे होंगे, तू बस चलना मत छोड़ना, तू बस लड़ना मत छोड़ना। आपलोगों से भी मेरा यही अनुरोध है कि आप जिंदगी में चलते रहिए लड़ते रहिए गिरते रहिए फिर आप खड़े होकर फिर आगे बढ़ते रहिए।



आप सभी को मै धन्यवाद देता हूं कि आप सभी के कारण आज मुझे अपने पुराने दिनों को याद करने का मौका मिला है। उपायुक्त ने उक्त बातों के अलावे कई महत्वपूर्ण बातें बताकर प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रतिभागियों के प्रदर्शन का निरीक्षण कर सभी का हौसला भी बढ़ाया।

# भाजपा का जिला स्तरीय सदस्यता अभियान कार्यशाला का रंगारंग शुभारंभ, सैकड़ो कार्यकर्ता हुए शामिल

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता व मंच संचालन जिला महामंत्री ने किया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक उज्वल दास व विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अमरदीप यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं वरिष्ठ नेता युगल किशोर खंडेलवाल मुख्य रूप से उपस्थित थे।

कार्यशाला में ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच जाकर पार्टी की नीति सिद्धांत से जोड़ने का आह्वान किया गया। कार्यशाला में जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता को अभियान के जिला संजोजक बनाया गया है। सिमरिया विधायक ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी जुट जाएं। प्रत्येक बूथ तक कार्यकर्ता पहुंचे और अधिक से अधिक लोगों को पार्टी और विचारधारा से जोड़ने का प्रयास करें। भाजपा नेता सह जीप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि भाजपा संगठन का निर्वाचन लोकतांत्रिक तरीके से होता है। कहा कि जो भी पदाधिकारी कार्यकर्ता इसमें बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेगा उसे पार्टी ने विशेष दर्जा देगी। कार्यशाला में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिलाध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं नेता पदाधिकारी शामिल थे।



# भाजपा सदस्यता महापर्व अभियान को लेकर पार्टी जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन




**कुजू।** भाजपा सदस्यता महापर्व अभियान को लेकर पार्टी जिला कार्यालय हथमारा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पी मेहता ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश प्रभारी नन्द प्रसाद उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन अतिथियों द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी नन्द प्रसाद ने कहा कि विस चुनाव परिणाम ने बुथ के कार्यकर्ताओं को निराश किया है, लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हम भाजपा कार्यकर्ता संघर्ष की ऊपज है। निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आनेवाला समय में सकारात्मक परिणाम के साथ हम आगे बढ़ेंगे। मौके पर रंजीत कुमार सिन्हा, विजय जायसवाल, राजू चतुर्वेदी, राजेन्द्र कुशवाहा, डॉ संजय सिंह, चन्द्रशेखर चौधरी, प्रो खिरोधर साहु, बलराम महतो, दिनेश प्रसाद, जगेश्वर प्रजापति, महेन्द्र प्रजापति, दिलीप सिंह, मनोज गिरी, संजय शाह, राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान, अर्जुन यादव, अखिलेश प्रसाद, शीतल सिंह, राजीव जायसवाल, पंकज साहा आदि उपस्थित थे।

# जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर सह मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची एवं हाल ही में निर्गत माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश के आलोक में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में मंडल कारा लोहरदगा में जेल अदालत सह जागरूकता शिविर के साथ-साथ इस बार मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया गया द्य आयोजन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार, लोहरदगा अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी, दंत चिकित्सक डॉ राजेश कुमार, एलएडीसीएस के उप प्रमुख नारायण साहू, जेलर सुबोध कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

विधिक जागरूकता शिविर के आयोजन के पश्चात जेल में कुल 19 बंदियों की स्वास्थ्य जांच की गई । जिसमें पांच महिला बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को सुनकर उन्हें दवा दिया गया द्य साथ ही 14 पुरुष बंदियों की भी स्वास्थ्य जांच की गई एवं कैंप में ही दवा दिया गया । मेडिकल कैंप का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉक्टर शंभूनाथ चौधरी ने किया। उनके साथ डॉ राजेश कुमार और अन्य नर्स भी मौजूद थे ।

आज के आयोजन की जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने बताया कि झालसा रांची के निर्देश पर जेल के अंदर एवं जेल के बाहर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं द्य जेल के अंदर वैसे बंदियों की विशेष रूप से सुध ली जा रही है जो



70 साल से ऊपर के हैं या जिन्हें गंभीर रोग हो चुका है । साथ ही अन्य बंदियों को स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न कार्यक्रमो के आयोजन किए जाते हैं जिसमें आज का मेडिकल कैंप भी शामिल है। यह भी जानकारी दी गई कि अब प्रत्येक जेल अदालत जो हर महीने के तीसरे रविवार को लगती है के साथ मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाएगा । इसके लिए डॉक्टरों की टीम का गठन किया गया है आज स्वास्थ्य जांच में कई लोगों ने अपनी समस्याओं को रखा साथ ही साथ कई विधिक जानकारियां भी दी गई ।

# टाटा पावर के लिए कोयला ढुलाई कार्य रैविप्रममो ने तीन घंटे तक रोका

**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के तोपा परियोजना से टाटा पावर के लिए कोयला ढुलाई कार्य को रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा ने करीब तीन घंटे के लिए बाधित कर दिया। स्थानीय ग्रामीण बेरोजगार के रोजगार की मांग को लेकर मोर्चा के लोग कांटा घर के समीप कोयला लादने आए हाइवा डंपरों को रोक दिया। मोर्चा के लोगों ने कहा कि परियोजना के आसपास के विस्थापित प्रभावित गांव के निवासियों को वैकल्पिक रोजगार के लिए खोले गए रोड सेल के 95 प्रतिशत कोयले को टाटा स्टील ने अपने पावर सेक्टर के लिए सीसीएल के ई आक्शन में ले लिया। जिस कंपनी द्वारा हाइवा डंपर से ढुलाई किया जा रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को काम नहीं मिल पाने से उनके समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। बाद में आगामी 17 दिसंबर तक कंपनी के सक्षम अधिकारियों संग वार्ता कर समस्या के समाधान के आश्वासन पर मोर्चा के लोगों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया। मोर्चा के लोगों ने कहा कि समस्या के समाधान नहीं होने पर 19 दिसंबर से हाइवा डंपरों से कोयला ढुलाई कार्य ठप किया जाएगा। मौके पर मोर्चा के कई लोग उपस्थित थे।

# करीम सिटी कॉलेज में आयोजित हुआ जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024

**जमशेदपुर**।करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर में जिला प्रशासन, क्रीडा विभाग ईस्ट सिंहभूम, मेरा भारत नेहरू (युवा केंद्र ईस्ट सिंहभूम) तथा नेशनल सर्विसेज स्कीम हस्स् ईस्ट सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव 2024 का आयोजन हुआ जिसका उद्घाटन समारोह कॉलेज ऑडिटोरियम में पूर्वाहन 11ञ्00 बजे आयोजित किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती शताब्दी मजूमदार (एसडीओ धालभूम) थी। उनके अलावा श्री अमित कुमार (जिला खेल पदाधिकारी) शामिल हुए। कार्यक्रम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कॉलेज की छात्रा मुस्कान ने बहुत ही सुंदर संगीत नृत्य प्रस्तुत किया तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने स्वागत भाषण द्वारा अतिथियों का स्वागत करीम सिटी कॉलेज के प्रांगण में किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिंदगी में सफलताओं से ज्यादा असफलताएं मिलती हैं परंतु उन्हीं असफलताओं के बीच से कामयाबी की राह निकलती है। शर्त बस इतनी है कि मनुष्य नतीजे से अधिक अपनी कोशिशों पर ध्यान दे।

इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों महाविद्यालय एवं दूर दराज से आए युवाओं के दरमियान कविता, संगीत, विज्ञान मेला, पेंटिंग, फोटोग्राफी, भाषण, लोक नृत्य तथा कहानी लेखन जैसी 11 तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। सभी प्रतियोगिताओं में समाज के योग्य एवं आमंत्रित निर्णायकों ने निर्णय किया। सफल प्रतिभागियों को यहां नगद राशि का इनाम देकर सम्मानित किया गया एवं उनमें से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग भी लेंगे। आज का यह कार्यक्रम दिनभर चला। कार्यक्रम को आयोजित करने में डॉ कमल कुमार महतो (एनएसएस नोडल ऑफिसर, पटमदा डिग्री कॉलेज) श्रीमती अंजली कुमारी (जिला युवा पदाधिकारी), श्री अविनाश त्रिपाठी (जिला युवा पदाधिकारी) डॉ आले अली (एनएसएस अधिकारी करीम सिटी कॉलेज) एवं एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज की विशेष भूमिका रही। मानव घोष ने सभा का संचालन किया।

# विधायक ने धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया उद्घाटन



**कुजू।** मांडू विधायक निर्मल महतो ने कुजू क्षेत्र के रतवे, करमा और करमा उत्तरी में धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व पैक्स के कर्मियों ने उनका स्वागत बुके भेंटकर किया। इस अवसर पर तापेश्वर महतो, सरिता देवी, राजनाथ महतो, रामसेवक महतो, खगेश्वर महतो, शक्ति कुमार महतो, जयकिशोर महतो, शशिकांत पटेल, बीसीओ मधुसूदन ठाकुर, सूबेदार महतो, नारायण कुमार महतो, टुकेश्वर कुमार आदि मौजूद थे।

# जिला में चयनित 21 धान अधिप्राप्ति केंद्रों का किया गया शुभारंभ

**लोहरदगा।** खरीफ विपणन मौसम 2024-2025 में किसानों को धान अधिप्राप्ति कार्य हेतु आज 15 दिसंबर को जिला में चयनित 21 धान अधिप्राप्ति केंद्रों को आज प्रारंभ हो गया। इस मौके पर आज सदर प्रखंड के निंगनी लैम्पस में धान अधिप्राप्ति का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि लोहरदगा नीशीथ जायसवाल और सेन्हा लैम्पस में धान अधिप्राप्ति का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि आलोक साहू, विधायक प्रतिनिधि बिशुनपुर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर जायसवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी, संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अन्य गणमान्य शामिल हुए।

दोनों लैम्पसों में धान अधिप्राप्ति के शुभारंभ पर विभाग द्वारा निदेशित योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी जिसमें बताया गया कि किसानों का धान खरीद के लिए लोहरदगा जिला में दो एफपीओ और 19 लैम्पस समेत कुल 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र निर्धारित किये गये हैं। इन केंद्रों पर जिला के कोई भी किसान अपना धान जमा कर उसका बेहतर मूल्य पा सकते हैं। किसानों को सरकार धान (साधारण किस्म) का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये प्रति क्विंटल और राज्य सरकार की ओर से 100 रूपये प्रति क्विंटल बोनस के रूप में कुल 2400 रूपये प्रति क्विंटल का मूल्य दे रही है। ग्रेड ए किस्म के धान के लिए 2320 रूपये प्रति क्विंटल एवं 100 रूपये प्रति क्विंटल बोनस की राशि समेत कुल 2420 रूपये दे रही है। किसान इस योजना का भरपूर लाभ उठायें। अगर आप बिचौलिये के माध्यम से खुले बाजार में अपना धान औने-पौने मूल्य पर बेचते हैं तो मूल्य आपको मात्र 1700-1800 रूपये प्रति क्विंटल मिल पाता है जो कि सरकार की ओर से दिए जा रहे मूल्य से बहुत कम है। इसलिए किसान अपना धान सरकार द्वारा चयनित धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर ही दें और उसका उचित मूल्य पायें।

**धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य**

इस वर्ष सरकार द्वारा लोहरदगा जिला में 2 लाख 50 हजार क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है। कुल 4068 किसानों का चयन इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए किया गया है। सभी 21 धान अधिप्राप्ति केंद्रों पर जनसवेकों को पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। अधिप्राप्त किये गये धान का मिलिंग कार्य करने के लिए कमला देवी राईस मिल लोहरदगा, लोहरदगा राईस मिल भण्डरा लोहरदगा और श्रेया राईस मिल इण्डस्ट्रीज नगड़ी रांची का का चयन किया गया है।

**जिला में दो एफपीओ एवं 19 लैम्पस को बनाया गया है धान अधिप्राप्ति केंद्र**

जिला में धान क्रय के लिए दो किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) एवं 19 लैम्पस का चयन धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में किया गया है।



कुल 21 धान अधिप्राप्ति केंद्र के रूप में लोहरदगा सदर प्रखण्ड में हेसल लैम्पस लि0, निंगनी लैम्पस लि0, मन्हो लैम्पस लि0, कुडू प्रखण्ड में कोलसिमरी लैम्पस लि0, ककरगढ़ लैम्पस लि0, कुडू लैम्पस लि0, लावागाई लैम्पस लि0, चंदलासो लैम्पस लि0, किस्को प्रखण्ड में किस्को लैम्पस लि0, अरैया लैम्पस लि0, हेसापीड़ी लैम्पस लि0, खरकी लैम्पस लि0, जोड़ा सखुआ एफपीओ, सेन्हा प्रखण्ड में सेन्हा लैम्पस लि0, बुटी लैम्पस लि0, अलौदी लैम्पस लि0, सुखसंपदा एफपीओ, बदला लैम्पस लि0, कैरो प्रखण्ड में सढ़ाबे लैम्पस लि0, हनहट लैम्पस लि0 और भण्डरा प्रखण्ड में भौरो लैम्पस लि0 चयनित हैं।

# कुडू के सभी लैंपस में धान खरीदारी शुरू

**कुडू - लोहरदगा ।** कुडू प्रखंड अंतर्गत कुडू, लावागाई, चन्दलासो,कोलसिमरी और ककरगढ़ लैंपस में रविवार को सरकार द्वारा निर्धारित दर 2400रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदारी विधिवत शुरू हो गयी। कुडू लैंपस में मुखिया शुष्मा द्वारा इसका उद्घाटन किया गया। पहले दिन कुडू लैंपस में किसान सलोमी लकड़ा, चंचला कुमारी, विकास लाल का लगभग डेढ़ क्विंटल धान खरीदा गया। वही लावागाई केंद्र में टेमा उरांव से 49क्विंटल धान खरीदकर




शुरुआत की गई। कुडू मेउद्घटन के मौके पर प्रखंड सहकारिता अधिकारी राम निवासन, एजीएम महेश चौहान, प्रखंड कृषि अधिकारी सुनील कुंवर, रामखेलावन राम, नवीन कुमार टिंकू आदि उपस्थित थे।

# सतबरवा में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला, प्रमुख ने फीता काट कर किया उद्घाटन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**सतबरवा :** धावाडीह पैक्स का धान अधिप्राप्ति केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सतबरवा में प्रमुख रीमा देवी,सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ,एम ओ अरविंद कुमार, राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, लालबिहारी साव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया।

सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि धान अधिप्राप्ति केंद्र आज खुल गया है,सभी किसान अपना धान अधिप्राप्ति केंद्र में ही बेचे । धान का मुल्य प्रति किलो 23 रुपया है, जबकि एक रुपये किलो बोनस दिया जायेगा। धान की आधी कीमत तुरंत मिलेगा,आधी कीमत एक सप्ताह में मिल जायेगा।

इन्होंने कहा कहा कि इस बार धान की खरीददारी मॉइस्चर ( नमी ) मशीन से धान के गिलापन को माप कर खरीददारी किया जायेगा।

पैक्स सचिव ने बताया कि पीछले वर्ष धान की खरीददारी नहीं हुई थी। छह सौ किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ है,आज चार किसान धान लेकर पहुंचे हैं ,जिसे तौला जा रहा है।

इस मौके पर मुखिया रिंकी यादव, पैक्स अध्यक्ष चंपा देवी,सचिव विजय साव, जितेन्द्र चौधरी, आशिष कुमार सिन्हा, विनोद चौधरी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

# धान क्रय केंद्र में खराब मशीन से हो रही थी खरीदारी की तैयारी, विधायक भड़के



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित लैंप्स कार्यालय में रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धान क्रय केंद्र का उद्घाटन होना था।जहां लातेहार विधायक प्रकाश राम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे व दिप प्रज्वलित कर एवं पिता काटकर उद्घाटन किया। उसके बाद लैंपस में किसानों के क्रय के लिए डिजिटल मॉयचर मीटर में धान को डालकर धान की नमी मापी की जाने लगी। मशीन ने 18.7 बताया और उसके आलोक में लैप्स के सचिव अशोक कुमार ने 100 किलोग्राम में 5 किलो धान की कटौती की बात कही गई। विधायक ने उक्त मशीन को दूसरा धान डालकर देखा तो पाया कि सभी मे एक ही रीडिंग आ रहा है और मशीन खराब है।तो विधायक ने कहा कि इस पर 5 किलो का कटौती करना एवं खराब मशीन से किसानों को बरगलाकर धान की कटौती करना यह किसी भी क्षेत्र में उचित नहीं है। मौके में उपस्थित डीसी सुजीत कुमार सिंह ने बीएसओ सुमन कुमार सिंह एवं कृषि पदाधिकारी रघुनंदन राम को निर्देशित करते हुए कहा कि आज उद्घाटन के दौरान घोर लापरवाही बरती गई है। इसमें सुधार करें ।वही बालूमाथ बीडीओ ने कृषि पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जब तक धान मापने वाली मशीन दूसरा नहीं आ जाता है तब तक धान क्रय का कार्य बंद रखें। ज्ञात हो कि उद्घाटन के समय बालूमाथ के मात्र दो किसान ही मौजूद थे। इस मौके पर जिला सहकारिता पदाधिकारी जंगमनी टोपो, बालूमाथ वीडिओ सोमा उरांव, अंचलाधिकारी विजय कुमार ,लैंपस के अध्यक्ष जीतू उरांव, किसान संतोष उरांव, अर्जुन साहू, विजय यादव, शैलेश सिंह ,उपेंद्र रंगीला, पिंटू राम, ऐश्वर्या उरांव ,प्रीत लाल यादव, वीरेंद्र गुप्ता, कमलेश सिंह, विनोद साहू समेत कई लोग मौजूद थे।

# प्रतापपुर में धान क्रय केन्द्र का किया गया उद्घाटन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**प्रतापपुर :** मुख्यालय स्थित प्रतापपुर-रामपुर पैक्स केन्द्र में धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया गया। यह उद्घाटन उपप्रमुख पति हजारी प्रसाद, बीसीओ अशोक कुमार, जितेन्द्र यादव, विनोद गुप्ता ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ व फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद हजारी प्रसाद ने कहा की प्रतापपुर व रामपुर में धान क्रय केन्द्र खुलने से किसानो को काफी राहत मिली है किसान अपने धान को सरकारी दरो पर धान क्रय केन्द्र में बेच सकते है इसके पहले धान क्रय केन्द्र नही खुलने से किसान अपने धान बेचने के लिए इधर-उधर भटक रहे थे पैक्स केन्द्र संचालक सोनी गुप्ता व मेराज अंसारी ने बताया की सरकार के निदेर्शानुसार प्रतापपुर व रामपुर धान क्रय केन्द्र का खुल चुका है केन्द्र सरकर के न्यूनतम मूल्य 2300 प्रतिदिन क्विंटल एवं राज्य सरकार के द्वारा 100 प्रतिदिन क्विंटल बोनस के तौर पर धान खरीदा जाएगा।उद्घाटन के पहले दिन किसानो का 278 क्विंटल धान खरीदा गया है वही खरीदारी जारी है किसान अपने धान को धान क्रय केन्द्र में बेच सकते है इसके अलावे टंडवा व जोगिडीह पंचायत में धान क्रय केन्द्र का उद्घाटन किया गया है इस मौके पर अहमद रजा,राहुल गुप्ता,सोनु कुमार,मानिकचंद यादव,योगेन्द्र साव,आनंन्दी साव,वकील मियां समेत कई लोग मौजूद थे।

## अजगर को जंगल में छोड़ा

प्रतापपुर, वन विभाग ने प्रतापपुर निवासी डॉक्टर रविन्द्र कुमार के खेत से एक अजगर सांप को बरामद किया है बरामद सांप को वन विभाग के कर्मियों ने रविवार को गांगपुर के जंगल में छोड़ दिया गया है। इस संबंध में वन कर्मी अंकीत रौशन ने बताया कि रविवार की सुबह सूचना मिली।

## पांकी : अवैध पोस्ता खेती को किया गया नष्ट

**पांकी :** पलामू जिला अंतर्गत पांकी थाना क्षेत्र में अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने करीब 10 एकड़ भूमि पर फैली पोस्ता की फसल को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई हेडूम पहाड़ की तराई, सलयाही नदी के पास और कुछड़ी जंगल के आसपास की गई, जहां अवैध रूप से पोस्ता की खेती हो रही थी। सूत्रों के अनुसार, प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि इन क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में अवैध पोस्ता की खेती की जा रही है, जिसका उपयोग नशीले पदार्थों के निर्माण में किया जाता है। सूचना के आधार पर पांकी थाना पुलिस ने वन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के साथ मौके पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान लगभग 10 एकड़ भूमि पर फैली अवैध पोस्ता की फसल का पता चला। टीम ने तत्परता दिखाते हुए भारी मशीनरी और स्थानीय मजदूरों की सहायता से इन फसलों को नष्ट किया। प्रशासन ने बताया कि अवैध पोस्ता की खेती के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# आम्रपाली परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण को लेकर किया गया भूमिपूजन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**टंडवा:** आम्रपाली परियोजना के शिवपुर रेलवे साइडिंग के समीप निजी रेलवे साइडिंग के निर्माण को लेकर रविवार को भूमिपूजन किया गया। इस दौरान गोदावरी कंपनी के प्रतिनिधियों ने निर्माणस्थल पर विधिवत तरीके से पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया?। बताया गया कि निजी रेलवे साइडिंग के निर्माण को लेकर शिवपुर,होन्हे व गोड़वार गांव में कुल 65 एकड़ भूमि का लीज किया गया है जिसमें उक्त रेलवे साइडिंग का निर्माण कार्य होना है। बताया गया कि साइडिंग के निर्माण को लेकर लगभग डेढ़ किलोमीटर लम्बी रेलवे लाइन बिछाई जाएगी। जिसके निर्माण से लगभग एक हजार ग्रामीणों व आसपास के लोगों को रोजगार का साधन मिलेगा। निर्माण को लेकर गोदावरी कंपनी के डीपी यादव व सुभाष यादव ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस मौके पर सरबजीत गंझू, विनोद गंझू, गोपाल यादव, उदय यादव,परमेश्वर गंझू, छेदी गंझू सहित भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

## बालू की व्यवस्था करने की मांग

**मेदिनीनगर :** रेड़मा स्थित गौरव मंदिर के प्रांगण में शहर के व्यवसाईयों एवं ट्रैक्टर मालिकों की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता सत्येंद्र नाथ गिरी एवं संचालन भाकपा जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक में छड़ , सीमेंट, इंटा, छरी, लकड़ी,लोहा व्यवसायियों सहित ट्रैक्टर मालिकों, चालकों एवं मजदूरों की बैठक मेदनीनगर शहर में उत्पन्न बालू संकट को लेकर किया गया। बैठक में सभी व्यवसायिक वर्गों ने अपना रोस व्यक्त किया और कहा कि एन जी टी के द्वारा रोक हटाने के बावजूद भी अभी तक जिला प्रशासन के उदासीन रवैया के चलते शहरी क्षेत्र में बालू उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

# लाखों रुपए से बन रहे ट्रामा सेंटर में हो रहा घटिया काम



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ अस्पताल ग्राउंड में बंन रहे ट्रामा सेंटर में घटिया काम किया जा रहा है। वही इस ट्रामा सेंटर में डस्ट से सारा काम किया जा रही है जो कारगर नहीं है। इस ट्रामा सेंटर में दीवाल की जोड़ाई प्लास्टर से लेकर ढलाई तक सभी डस्ट से काम किया गया है। बालू का कम मात्रा में उपयोग किया गया है। वहीं सरकार के गाइडलाइन के अनुसार किसी भी भवन का निर्माण अच्छे बालू से किया जाना है। पर इस ट्रामा सेंटर का निर्माण इतना घटिया से किया गया है कि इसको देखने वाला कोई नहीं है इंजीनियर आए और देख कर चले गए। उन्होंने भी इस पर कोई सवाल नहीं उठाया इससे जाहिर होता है कि यह ट्रामा सेंटर में कैसा काम हुआ होगा। वही टाइल्स भी घटिया किस्म का लगाया जा रहा है। साथ ही जहां चिमनी ईट का उपयोग होना चाहिए था वहां पर घटिया बांग्ला एटा का उपयोग किया गया है जो दशार्ता है कि अब भवन कितना निर्माण दिन टिक पाएगा या नहीं।

# लीगल एड क्लीनिक में दी जाएगी मुफ्त कानूनी सुविधा : बिंदा देवी



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के सुड़ी पंचायत सचिवालय में लीगल एड क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। लीगल एड क्लिनिक का शुभारंभ पंचायत के मुखिया बिंदा देवी, पंचायत सचिव सुरेश ठाकुर संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मुखिया बिंदा देवी कहा कि लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता दी जाएगी। लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए डीएलएसए द्वारा नियुक्त पीएलभी दो लीगल एंड क्लीनिक में तैनात रहेंगे। मुखिया बिंदा देवी ने इसे न्यायपालिका द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताया व इसके लिए जिला विधिक प्राधिकार के प्रति आभार जताया। वहीं पीएलभी चंद्रदेव प्रजापति ने डीएलएसए के बारे में लोगों को जानकारी दी। कहा कि लीगल एड क्लीनिक खोलने का उद्देश्य जरूरतमंद तथा लाचार व्यक्तियों को कानूनी सहायता पहुंचाना व लोगों को जागरूक करना है। यह कानूनी सहायता पूरी तरह निःशुल्क होगी। यह काम जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को भी आसानी से कानूनी सहायता एवं जानकारी मिल सकेगी। लोगों को जरूरी सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। इसमें आवेदन पत्र लिखने से लेकर अन्य तमाम तरह की कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान लोगों को कानून के बारे में जागरूक किया गया। मौके मुखिया बिंदा देवी, पंचायत सचिव सुरेश ठाकुर, कृष्णा प्रसाद, अंजू देवी, गुलाबी यादव, अमारिक मिस्त्री, रवि राम, सुनैना देवी, रेखा देवी, रीना देवी, मुकेश राम, नगु मोची, प्रभा देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

## अनियंत्रित कार ने बाइक सवार पिता पुत्र को मारी टक्कर

**बालूमाथ :** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर शनिवार देर रात रोन्हे ग्राम के समीप एक अनियंत्रित कार ने बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हनुमंत राणा 15 वर्ष एवं उसका पिता राजेश राणा 40वर्ष ग्राम बन्हे,सिमरिया निवासी अपने घर से हेरहंज थाना क्षेत्र के सेरन्दाग ग्राम जा रहे थे।

# टंडवा में कैरी बैग की एच एन फैक्ट्री का उद्घाटन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**टंडवा:** औद्योगिक नगरी टंडवा के कारोबारियों को कैरी बैग के लिए अब बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। टंडवा के झंडा चौक में एच एन इंडस्ट्री का उद्घाटन सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन कुमार दास ने किया। इस प्लांट से कैरी बैग का निर्माण किया जा रहा है। इंडस्ट्री के मालिक विवेक कुमार ने बताया कि डिमांड के अनुसार कलर फुल बैग का उत्पादन किया जायेगा। इस योजना पर 50 लाख खर्च किये गये है। इसकी आपूर्ति चतरा और हजारीबाग जिले में किया जायेगा। इधर पूर्व विधायक ने मशीन चला कर उत्पादन का आगाज किया। इसके पूर्व विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर अजीत सिन्हा ,जितेन्द्र सिन्हा समेत अन्य शामिल थे।

# हरिहरगंज : अररुआ पैक्स में खुला धान क्रय केंद्र, धान बिक्री की अपील



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू :** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज प्रखंड के शहरी क्षेत्र अन्तर्गत मोतीराज महिला इंटर कॉलेज के समीप अररुआ पैक्स में रविवार को 2024-25 के लिए धान अधिप्राप्ति शरीफ विपणन केंद्र का क्रय पदाधिकारी लल्लू सिंह,पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद धान क्रय पदाधिकारी ने बताया कि साधारण धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल 2,300 रुपए और ग्रेड ए का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,320 है। जबकि राज्य सरकार द्वारा धान बिक्री करने वाले निबंधित किसानों को प्रति क्विंटल भुगतान की जाने वाली बोनस राशि 100 रुपए के हिसाब से दिए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से क्रय केंद्र पर ही धान बिक्री करने की अपील की। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा,पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह,रामानंदन यादव, कृष्ण कुमार सिंह,दिनेश मेहता, अशोक कुमार, बबलु सिंह, अरविंद पासवान, गुड्डू सिंह, अर्जुन गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार , श्यामबिहारी यादव, संतोष यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# कोटिया, सप्तमी, लकडाही जंगल पहाड़ को बचाने को लेकर संघर्ष समिति ने की बैठक

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**सतबरवा:** सतबरवा प्रखंड अंतर्गत रेवारातु में रविवार को सप्तमी ,कोटिया, लकड़ाही पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक हुई । बैठक की अध्यक्षता पंचायत के उप मुखिया किशन सिंह उर्फ देवेंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन सतबरवा प्रमुख प्रतिनिधि झमन राम ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किसान महासभा के पलामू जिला सचिव सह नीलांबर पितांबरपुर व सतबरवा प्रखंड कमेटी भाकपा माले प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो उपस्थित थे।

ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि 2016 में ग्रामीणों की फर्जी अंगूठे का निशान एवं हस्ताक्षर बनाकर आमसभा दिखाकर 28 एकड़ सप्तमी ,कोटिया ,लकडाही जंगल पहाड़ लीज करा कर कीमती पत्थर निकालने के लिए घेराबंदी किया जा रहा है। जिसका हम विरोध करते हैं और किसी भी कीमत पर पहाड़ उजड़ने नहीं देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि जंगल पहाड़ प्राकृतिक धरोहर है एवं माल मवेशी चराने से लेकर ग्रामीणों के जलावन के लिए काम आता है। इस पहाड़ को बचाने के लिए हम जान देंगे, लेकिन जल जंगल जमीन उजाड़ने नहीं देंगे।

# कार और हाइवा में हुई टक्कर दो घायल, रेफर



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर मकईयाटांड़ ग्राम के समीप शनिवार देर रात एक कार और हाइवा की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे कार में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हों गए ।दोनों घायलों को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर सुरेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार देवशंकर महतो 34वर्ष पिता जगरनाथ महतो ग्राम पालकोट, गुमला निवासी एवं चंद्रभूषण कुमार 40वर्ष स्व.हरकु भगत ग्राम तोरपा खूंटी दोनों चंदवा से चतरा की ओर जा रहे थे ।तभी मकईयाटांड़ ग्राम के पास तुबैद कोलियरी से कोयला कुसमाही साइडिंग जा रहे हाइवा और कार में आमने-सामने टक्कर हो गयी ।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दोनो घायलों की गम्भीर स्तिथि को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# संत मरियम स्कूल ने आयोजित की कैरियर जागरूकता सेमिनार



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**डाल्टनगंज :** स्थानीय टाउन हॉल में पलामू के प्रख्यात संत मरियम स्कूल और देश के अग्रणी शिक्षण संस्थान में शुमार मेंटर्स एड्यूसर्व द्वारा संयुक्त रूप से एक कैरियर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। मेंटर्स एड्यूसर्व के असिस्टेंट निदेशक मनीष जायसवाल, सीनियर रसायन शास्त्र प्रमुख राहुल राजा, भौतिक शास्त्र प्रमुख प्रकाश ओझा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।

अपने वक्तव्य में मेंटर्स के रसायन विभाग प्रमुख राहुल राजा ने कहां की विगत कई वर्षों में लगभग 4000 से ज्यादा बच्चों को हमारे संस्थान ने आईआईटी और मेडिकल के विभिन्न संस्थाओं में दाखिला कराया है। झारखंड के टॉप स्कूल के साथ जुड़कर हमने विगत कई वर्षों से झारखंड टॉपर दिया है और उसी कड़ी में पलामू प्रमंडल में बच्चों को पारंगत बनाने हेतु आज हम लोग संत मरियम स्कूल के साथ जुड़ रहे हैं।

भौतिक विभाग प्रमुख प्रकाश ओझा ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि बच्चे को आईआईटी और नीट जैसे कठिन परीक्षा हेतु हम पलामू में ही संत मरियम स्कूल के सौजन्य से बड़े शहरों की शिक्षा उपलब्ध करा सके।

मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज का यह सेमिनार पलामू में अध्यनरत बच्चों और अभिभावक के लिए मिल का पत्थर साबित होगा क्योंकि आज के बाद बच्चों को आईआईटी और नीट जैसे कठिन परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोटा, दिल्ली पटना , और रांची जाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वहां के प्रतिष्ठित शिक्षक स्कूल इंटीग्रेटेड प्रोग्राम के माध्यम से हमारे स्कूल के साथ जुड़ रहे है जिसका उद्देश्य है कि पलामू के बच्चे भी आईआईटी , नीट जैसे परीक्षाओं में टॉप स्थान प्राप्त करें।

कार्यक्रम का संचालन संत मरियम स्कूल के शिक्षक प्रवीण दुबे ने किया । साथ ही संगीत शिक्षक श्याम किशोर पाण्डेय, विकाश विश्वकर्मा, और अनेकों शिक्षक की गरिमामई उपस्थिति रही।

# लातेहार के बरियातू प्रखंड में धान क्रय केंद्र का उद्घाटन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बरियातू :** बरियातू प्रखंड स्थित लैंप्स कार्यालय में रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत धान क्रय केंद्र का उद्घाटन होना था।जहां मुख्य अतिथि के रूप में उप प्रमुख निशा सहदेव, जिला परिषद रमेश राम पहुंचे व पिता काटकर उद्घाटन किया। वही लैंपस में बताया गया कि धान का क्रय अब 24 रुपए किलो किया जाएगा साथ ही किसानों से आग्रह किया है की अधिक से अधिक संख्या में धान लैंप्स में लेकर आए और अपने ज्ञान को बाजार से ज्यादा मूल्य पर मिल रहा है इसलिए यही पर करे इस मौके पर काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने खिलाड़ियों को दिया बैट, बॉल

**सतबरवा :** धावाडीह पंचायत के लोहरा पोखरी शिव मंदिर के प्रांगण में रविवार को समाजिक कार्यकर्ता आशिष कुमार सिन्हा ने क्रिकेट खिलाड़ियों के बीच बैट, बॉल का वितरण किया। खिलाड़ियों का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास होता है ,साथ हीं खेल से अपना करियर भी बना सकते हैं।

# मशीन की चपेट में आने से धान कुटा रही महिला की मौत, मचा कोहराम

**चैनपुर(पलामू)**-चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के बंदुआ गांव में शनिवार शाम में धान कुटाई मशीन की चपेट में आने से बंदुआ काराकाट निवासी बुद्धू मांझी की 50 वर्षीय पत्नी सुशीला देवी की मौत हो गई है। घटना की सूचना चैनपुर थाना में दे दी गई है। पंचायत मुखिया दीनानाथ मांझी ने बताया कि खलिहान में रखे करीब 2 क्विंटल धान कुटवाने के लिए परिवार के लोग मशीन वाले को बुलवाए थे। मौके पर परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। धान कुटवाने के कार्यक्रम में महिला की साड़ी मशीन में फंस गयी, जिससे महिला मशीन की चपेट में आ गयी। घटनास्थल पर ही महिला की मौत हो गई।

# अवैध कोयला लोड तीन ट्रक , तीन पिकअप वेन जब्त

**डुमरी ( गिरिडीह )** निमियाघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कोयला लोड तीन मालवाहक पिक-अप वैन को कुछ युवाओं ने पकड़ कर हिरासत में लिया है। उक्त ट्रकों में लगभग 200 टन अवैध कोयला लदा है।खबर प्रेषण तक पुलिस प्राथमिकी की कागजी प्रक्रिया पूरी करने में जूटी थी।बताया जाता है कि 14 दिसंबर की देर रात्रि कुछ युवाओं को गुरूटांड़ जंगल में अवैध कोयला डीपू संचालन की जानकारी मिली युवकों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर 6 वाहनों और कोयला को जब्त कर लिया। जिसे रविवार को थाना लाया जा रहा था। सूत्रों के अनुसार गुरूटांड़ जंगल में बीते माह से ही अवैध कोयले का भंडारण कर उसे मंडी में भेजा जाता था।वहीं जंगल में करीब 400 टन अवैध कोयला था जिसे आनन फानन में हटवा दिया गया थ। जानकारों का कहना है कि इस अवैध धंधे में शामिल लोगों कोयला इकट्ठा कराते हैं जबकि स्थल से कोयला ले जाना मंडी वालों के जिम्मे रहती है। एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने 3 ट्रक और 3 पिकअप वैन कोयला पकड़ने की पुष्टि की है।

# मंत्री पहुंचे स्नेहदीप वृद्ध आश्रम

**कंबल समेत खाद्य सामग्री किया वितरण**



**गिरिडीह**-झारखण्ड सरकार के नगर विकास व आवास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू रविवार को स्नेहदीप वृद्ध आश्रम पहुंचे. इस दौरान उन्होंने तमाम वार्ड में जाकर निरिक्षण किया और मौक़े पर मौजूद गरीब व असहाय लोगो से उनका हाल जाना. स्नेहदीप की व्यवस्था को देखकर मंत्री सुदिव्य सोनू ने स्थानीय कर्मचारियों को साधुवाद दिया. मौक़े पर उन्होंने वृद्धजनों के बीच कंबल एवं मिठाई, फल, व अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक जो जरुरतमंद लोग हैं। उनके बीच सेवा कार्य करना और खुशियां बांटना ही हमारा लक्ष्य है। निरीक्षण के कर्म में स्नेहदीप में मौजूद तमाम बुजुर्गो के बीच चिकित्सा शिविर लगाकर डॉक्टर रवि महर्षि के द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की गई मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य अजीत कुमार पप्पू,पीएलवी सीमा देवी, जिला संगठन मंत्री ओबीसी मोर्चा प्रदोष कुमार, शाहनवाज अंसारी डॉक्टर रवि महर्षि समेत अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

# 2034 तक देश में नहीं हो सकेंगे एक साथ चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को एक देश, एक चुनाव विधेयक को मंजूरी दे दी, जिसके बाद शुक्रवार को इसके प्रस्तावों से जुड़ी प्रतियां प्रसारित की गई हैं। इन नए प्रस्तावों के मुताबिक, देश में एक साथ चुनाव कराने का कार्यक्रम 2034 तक जमीन पर लागू नहीं हो सकेगा। सूत्रों ने बताया कि इस फैसले के बाद जल्द एक व्यापक विधेयक आने की उम्मीद है। विधेयक में कहा गया है कि अगर लोकसभा या किसी विधानसभा अपने पूर्ण कार्यकाल से पहले भंग कर हो जाती है

# किसानों से औने-पौने दर पर धान लेने वाले बिचौलियों पर होगी सख्त कार्रवाई: मंत्री योगेंद्र महतो



**कसमार** - किसानों से औने-पौने दर पर धान खरीद कर बाहर के मंडियों में ले जाकर बेचने वाले बिचौलियों को चिह्नित कर चेतावनी दी जायेगी अगर बाज नहीं आये तो सख्त कार्रवाई होगी। उक्त बातें सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने रविवार को कसमार प्रखंड के हिसीम एवं सिंहपुर पैक्स में धान अधिप्राप्ति क्रय केंद्र का उद्घाटन करने के बाद कही। उन्होंने हिसीम पैक्स में 500 एमटी क्षमता का गोदाम एवं मार्केट सेंटर भवन का भी शिलान्यास किया।

मंत्री श्री महतो ने कहा कि क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों को पैक्स के माध्यम से सरकार को धान बेचने की अपील किया जा रहा है। पैक्स के माध्यम से धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 23 सौ रूपया प्रति क्विंटल एवं राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त 100 रूपया प्रति क्विंटल बोनस दिया जा रहा है। यानि कुल 24 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदारी पैक्स के माध्यम से की जा रही है। जिससे किसानों को उचित दाम व सम्मान मिल रहा है। जिले में कुल 2 लाख क्विंटल धान की खरीदारी का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हिसीम पैक्स में धान अधिप्राप्ति के बाद भंडारण हेतु गोदाम नहीं रहने से दिक्कत हो रही थी ?। जिसको लेकर गोदाम भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया। गोदाम के निर्माण पैक्स को सुविधा होगी। इस गोदाम निर्माण कार्य के संवेदक को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में गड़बड़ी होने पर नपे जाओगे। मौके पर बोकारो डीसीओ शालिनी खलको, कसमार प्रखंड प्रमुख प्रमुख नियोती कुमारी, बीडीओ नम्रता जोशी, सीओ प्रवीण कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुमार हेंब्रम, बीसीओ राणा रमेश कुमार सिंह, आनंद महतो, भरत किशोर साव, विमल जायसवाल, बिनोद कुमार महतो, शेरे आलम, बैजनाथ महतो, संजू देवी, गीता देवी, कल्पना देवी, राजेश टूडू, श्याम लाल मांझी, लालदेव महतो, आनंद महतो, संजय महतो आदि किसान मौजूद थे।

# केजरीवाल ने बुजुर्गों की पेंशन रोक दी, दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया : मनोज तिवारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर



निशाना साधते हुए उन पर राष्ट्रीय राजधानी के महत्वपूर्ण मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। तिवारी ने 'आप' सरकार की आलोचना करते हुए दावा किया कि दिल्ली में पिछले एक दशक में जल प्रदूषण से 21,000 लोगों की मौत हुई। उन्होंने कहा कि केजरीवाल प्रदूषण की गंभीर होती समस्या से निपटने में विफल रहे, उन्होंने बुजुर्गों की पेंशन बंद कर दी तथा गरीबों के लिए राशन कार्ड जारी करने में भी लापरवाही बरती। तिवारी ने केजरीवाल पर ''अवैध रूप से बांग्लादेश से घुसपैठ करने वाले लोगों और रोहिंग्याओं'' को संरक्षण देने का आरोप लगाया तथा दिल्ली की बिगड़ती कानून-व्यवस्था के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, ''अरविंद केजरीवाल अपनी जिम्मेदारियों के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। आज हम जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं, लेकिन वह कभी इस पर बात नहीं करते। वह इन मुद्दों को क्यों छिपाना चाहते हैं?''

तिवारी ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब केजरीवाल ने राजधानी में ''बिगड़ती'' कानून व्यवस्था के लिए भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की थी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में, हाल में कई विद्यालयों और इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का हवाला देते हुए दावा किया कि शहर को देश की ''अपराध राजधानी'' कहा जा रहा है। दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर निशाना साध रही हैं।



# दक्षिण के राज्यों का नुकसान होगा, बीजेपी की सहयोगी टीडीपी ने भी परिसीमन पर उठाए सवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी के सहयोगी दल टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्ण देवरायल ने लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा कि अलगे परिसीमन से दक्षिण के राज्यों को नुकसान होने वाला है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का लाभ उत्तर भारत को मिलेगा। उन्होंने कहा कि अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन की प्रक्रिया होती है तो यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे प्रदेशों में लोकसभा सीटों की संख्या 169 से बढ़कर 324 हो जाएगी। वहीं आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में केवल 129 से 164 सीटें हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि एक संघ के हित के लिए यह सही नहीं है। जिन राज्यों में जनसंख्या कम हुई है उन्हें भी परिसीमन का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधानसभा में पास हुए विधेयकों की मंजूरी की भी सीमा नहीं तय करनी चाहिए। दरअसल अगलो लोकसभा चुनाव 2029 में होना है और इसे बढ़ी हुई सीटों के साथ कराने का प्लान तैयार किया जा रहा है। परिसीमन कानून के मुताबिक 2026 तक लोकसभा की सीटें नहीं बढ़ाई जा सकतीं। इसके बाद जनगणना के आधार पर परिसीमन करवाया जा सकता है। संभवना है कि 2027 की जनगणना के बाद परिसीमन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले 2008 में लोकसभा सीटों का परिसीमन किया गया था। पहले माना जा रहा था कि 2031 में जनगणना के बाद ही परिसीमन होगा। हालांकि अगर 2021 वाली जनगणना 2027 में कराई जाती है तो इसके बाद परिसीमन किया जा सकेगा। माना जा रहा है कि 2029 में लोकसभा सीटों की संख्या 543 से बढ़कर साढ़े सात सौ के करीब हो जाएंगी।

# भाषण उबाऊ, पीएम मोदी के 11 संकल्प खोखले: कांग्रेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए भाषण को कांग्रेस ने उबाऊ बताया है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि पीएम मोदी ने जो 11 संकल्प रखे हैं वह पूरी तरह से खोखले हैं। शनिवार को संसद को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और उन्हें आजादी के बाद से संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। पीएम मोदी के भाषण पर सवाल उठाते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर प्रधानमंत्री की बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति है तो अदाणी के मामले पर चर्चा करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का यह भाषण बहुत उबाऊ था।

प्रियंका गांधी ने कहा,दशकों बाद ऐसा लगा कि गणित के डबल पीरियडमें बैठे हैं। नड्डा जी हाथ मल रहे थे और जब मोदी जी ने उनकी ओर देखा तो वह अचानक ऐक्टिंग करने लग गए कि मैं सुन रहा हूं। अमित शाह जी भी अपना सिर छू रहे थे। पीयूष गोयल जी लग रहे थे कि जैसे सोने वाले हैं।उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि वह कुछ नई बात बोलेंगे लेकिन उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं किया। उन्होंने जो 11 संकल्प रखे वह भी खोखले हैं। अगर उन्हें भ्रष्टाचार को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति है तो फिर अदाणी के ऊपर क्यों चर्चा नहीं हो रही है। कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद





परिसर में मीडिया से कहा कि कांग्रेस ने सदन में इस बात का खुलासा कर दिया है कि यह पूरी सरकार अदाणी समूह के लिए चल रही है। प्रधानमंत्री के भाषण पर उन्होंने कहा कि उनके भाषण में कुछ नया नहीं है। सिर्फ कांग्रेस के खिलाफ आरोप लगाए हैं। हमने कल और आज खुलासा कर दिया कि पूरी सरकार अदाणी के लिए चल रही है। जिस तरह से आरएसएस और हिंदू महासभा ने पहले दिन से संविधान का विरोध किया था, इसका भी खुलासा हुआ है। वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल गांधी के भाषण के समय प्रधानमंत्री अनुपस्थित थे, गृहमंत्री सदन में नहीं थे। या तो वे राहुल गांधी का सामना करने में डरते हैं या फिर वे विपक्ष में विश्वास नहीं करते हैं। लोकसभा में संविधान के ऊपर जारी चर्चा के बारे में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम ने कहा कि आपात काल का कलंक कांग्रेस के माथे पर हमेशा लगा रहेगा। यह कभी नहीं मिटेगा। उन्होंने कहा कि गांधी नेहरू परिवार ने हर समय संविधान को चुनौती दी है। आजादी के बाद से ही यह सिलसिला शुरू हो गया और जब तक इनकी सत्ता रही तब तक यह चलता रहा।

# भाजपा और उसके सहयोगी विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च कर रहे : तेजस्वी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को भाजपा के इस दावे पर कटाक्ष किया कि 'एक देश, एक चुनाव' से चुनावी खर्च में कमी आएगी और साथ ही भाजपा एवं उसके सहयोगियों पर विज्ञापनों पर जनता का पैसा खर्च करने का आरोप लगाया। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग से राज्य का आगामी विधानसभा चुनाव ''एक ही चरण में कराने की मांग की, जैसा पहले भी होता रहा है।'' दरभंगा में प्रेसवार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने राजद नेता से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने संबंधी विधेयक के बारे में पूछा तो उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, ''मौजूदा स्वरूप में चुनाव कराने में क्या समस्या है?''

जब उनसे कहा गया कि केंद्र की भाजपा सरकार का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से इस पर होने वाले खर्च में कमी आएगी, तो तेजस्वी ने पलटवार करते हुए कहा, ''और विज्ञापनों का क्या? भाजपा को प्रचार पसंद है।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''बिहार जैसे गरीब राज्य में भी सरकार विज्ञापनों पर पैसे लुटाती है। जरा पता लगाइए कि राजग ने 20 साल पहले राज्य में सत्ता में आने के बाद से लेकर और केंद्र में अपने 11 साल के शासन के दौरान प्रचार पर कितना पैसा खर्च किया है।'' तेजस्वी ने कहा, ''बिहार में एक ही चरण में चुनाव होना चाहिए क्योंकि पहले भी ऐसा ही होता था। निर्वाचन आयोग को इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए क्योंकि बिहार के साथ किसी दूसरे राज्य में चुनाव नहीं होना है।



# पीएम मोदी के संबोधन ने देश को दिखाई नई दिशा, विपक्ष के भ्रम जाल को तोड़ा : जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में संविधान की 75 साल की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा का जवाब देते हुए कांग्रेस पर बार-बार संविधान की भावना की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आपातकाल का पाप देश की सबसे पुरानी पार्टी के माथे से कभी नहीं मिट सकता। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने लोकसभा में उनके जवाब को विपक्ष की ओर से फैलाए गए भ्रम जाल को तोड़ने वाला बताया। जे.पी. नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर दिया गया वक्तव्य कांग्रेस और विपक्षी दलों द्वारा भारतीय संविधान और अन्य विषयों पर फैलाए जा रहे भ्रम जाल को तोड़ने वाला और देश को स्पष्ट दिशा देने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में देश की समृद्धि, सशक्तिकरण और सबको साथ लेकर चलने की बात कही है।

1975 में लगा आपातकाल, लोकतंत्र की हत्या का सर्वकालिक उदाहरण है। देश को जेलखाना बनाकर नागरिकों के मौलिक अधिकार छीनने वाली कांग्रेस, सत्ता के लालच में संविधान की दुहाई दे रही है। नड्डा ने पोस्ट में लिखा, संविधान दिवस मनाने के



अवसर पर भी कांग्रेस के नेताओं ने आपत्ति जताई। संविधान दिवस के उत्सव का आरंभ और संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर के आदर्शों का अनुसरण यह प्रमाण है कि भाजपा संविधान की सच्ची संरक्षक है। पीएम मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में हर वर्ग के उत्थान, देश के सर्वांगीण विकास के लिए हम सभी संकल्पित हैं। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रति हमारी प्रतिबद्धता विकसित भारत निर्माण के हमारे संकल्प को साकार स्वरूप प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू से लेकर गांधी परिवार की हर पीढ़ी ने सत्ता में रहते हुए संविधान से छेड़छाड़ की है। आपातकाल के दौरान लोगों के अधिकार छीन लिए गए थे। हजारों नागरिकों को जेलों में डाल दिया गया, न्यायपालिका को खामोश कर दिया गया और प्रेस की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया।

# रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराने हनुमान मंदिर को गिराने का नोटिस, आदित्य ठाकरे ने की महाआरती



**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई में दादर रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराने भगवान हनुमान मंदिर को ध्वस्त करने के लिए जारी नोटिस पर रोक लग गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद यह कदम उठाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गत 4 दिसंबर को मध्य रेलवे ने मंदिर के ट्रस्टियों को नोटिस जारी किया था, जिसमें दावा किया गया कि मंदिर का निर्माण अवैध है। इससे ट्रेनों की आवाजाही बाधित होने के साथ ही यात्रियों को असुविधा हो रही है। नोटिस में सात दिनों के भीतर मंदिर को हटाने का आदेश दिया गया था। पूर्व मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल के साथ मध्य रेलवे के अधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही, मामले को सुलझाने के लिए उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से बात की और उनके प्रयास सफल रहे। उन्होंने कहा, रेल मंत्री ने मंदिरों पर ध्वस्तीकरण के आदेश को रद्द करने का फैसला किया है। लोग वहां हमेशा की तरह पूजा कर सकेंगे। हम अब वहां आरती भी करने जा रहे हैं।

**आदित्य ठाकरे ने की महाआरती :** मंदिर को गिराने के लिए रेलवे के नोटिस जारी करने को लेकर हुए विवाद के बीच शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने शनिवार को दादर स्टेशन के बाहर स्थित हनुमान मंदिर में महाआरती की। आदित्य ठाकरे शाम को मंदिर पहुंचे और महाआरती की। इस दौरान उनके साथ पार्टी नेता अनिल देसाई, संजय राउत और कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इससे पहले, पत्रकारों से बात करते हुए आदित्य ने इस मुद्दे पर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह हिंदुत्व की विचारधारा का इस्तेमाल केवल वोट पाने के लिए करती है। उन्होंने कहा कि रेलवे ने तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगा दी है, लेकिन उसे नोटिस वापस लेना चाहिए।

# साली की हत्या के आरोप में जीजा गिरफ्तार, कूड़े के ढेर में मिला कटा हुआ सिर

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक दिल दहला देने वाली घटना का खुलासा हुई है। दक्षिण कोलकाता के टॉलीगंज इलाके में कूड़े के ढेर में एक महिला का कटा हुआ सिर मिला था। 24 घंटे के भीतर ही महिला के जीजा को उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। जीजा की पहचान अतीउर रहमान लस्कर के रूप में हुई है। उसने इसलिए महिला की हत्या कर दी क्योंकि उसने उससे संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। कोलकाता पुलिस ने उसे दक्षिण 24 परगना के डायमंड हार्बर में उसके पैतृक गांव बसुलडांगा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि लस्कर नामक एक मजदूर ने कथित तौर पर उस महिला की हत्या करने की बात कबूल की है जो




पिछले दो साल से अपने पति से अलग रह रही थी। डीसीपी (दक्षिण उपनगरीय) बिदिशा कलिता ने कहा कि महिला का कटा हुआ सिर शुक्रवार को ग्राहम रोड के पास कूड़े के ढेर में मिला था और उसके धड़ और शरीर का निचला हिस्सा शनिवार को रीजेंट पार्क इलाके में एक तालाब के पास मिला था। महिला रीजेंट पार्क में एक घर में काम करती थी। वह टॉलीगंज में काम करने वाले लस्कर के साथ हर दिन काम पर जाती थी। डीसीपी ने बताया कि उसका जीजा उसके साथ संबंध बनाना चाहता था, लेकिन उसने उसके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इस उपेक्षा से लस्कर नाराज हो गया। एक सप्ताह पहले उसने ने जीजा से दूरी बनानी शुरू कर दी, जिससे वह और भी नाराज हो गया। उसने उसका फोन नंबर भी ब्लॉक कर दिया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम को जब वह फ्री हुई तो उसने उसे अपने साथ एक निर्माणाधीन इमारत में चलने के लिए मजबूर किया। उसने वहां उसका गला घोंट दिया और फिर उसका सिर काट दिया। उसने शव को तीन टुकड़ों में काटा और उन्हें फेंक दिया। पुलिस इस संबंध में अन्य लोगों की संभावित संलिप्तता की भी जांच कर रही है। उस इलाके में कटा हुआ सिर बरामद होने से निवासियों की रूह कांप उठी और उनके अंदर डर पैदा हो गया।

## पुलिस को कटा हुआ सिर कैसे मिला ?

शुक्रवार की सुबह स्थानीय लोगों ने गोल्फ ग्रीन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ग्राहम रोड पर एक टैंक में कटा हुआ सिर भरा एक प्लास्टिक बैग देखा था। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, शरीर का हिस्सा मिलने के तुरंत बाद पुलिस ने इसे आगे की जांच के लिए एमआर बांगुर अस्पताल भेज दिया था। कोलकाता पुलिस ने इलाके के सभी उपलब्ध सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की ताकि यह पता लगाया जा सके कि कटा हुआ सिर वहां किसने फेंका। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल से संबंधित नमूने बरामद किए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कटे हुए सिर पर चोट के निशान और खून के धब्बे भी थे, जिससे पता चलता है कि हत्या उसके बरामद होने के 12 घंटे के भीतर हुई थी। पुलिस ने शरीर के हिस्से के का पता लगाने के लिए एक खोजी कुत्ते को भी तैनात किया। कुत्ता पुलिस को ग्राहम रोड टैंक से लगभग एक किलोमीटर दूर एक अपार्टमेंट तक ले गया। इसे बाद से इमारत में आने-जाने वालों की गतिविधियों पर नज़र रखने के लिए अपार्टमेंट के प्रवेश द्वार पर दो कांस्टेबल तैनात किए गए थे।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। **संपादक:** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग**- 7033777771 **विज्ञापन**- 9546277001, मनोज कुमार कपरदारः 9771177585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63